TNF TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday   tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition .... (पेज-3) | पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-26 | मूल्य ₹ 7 | शनिवार | दिनांक- 25.07.2026


# सीएम योगी का दो दिवसीय आगरा दौरा, 342 करोड़ की विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात

- फतेहाबाद रोड स्थित टाटा मैदान में होगी विशाल जनसभा, नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बांटेंगे नियुक्ति पत्र
- लेडी लॉयल अस्पताल और सीएम ग्रिड रोड सहित 292 करोड़ की 36 विकास कार्यों का शिलान्यास
- पालीवाल पार्क सौंदर्यीकरण, सीएम ग्रिड रोड व जिला कारागार बैरक समेत 17 परियोजनाओं का होगा लोकार्पण







**टीएनएफ टुडे, आगरा।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार से आगरा के दो दिवसीय महत्वपूर्ण दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ताजनगरी को 342 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 53 बड़ी विकास परियोजनाओं की शानदार सौगात देंगे। मुख्यमंत्री का मुख्य कार्यक्रम फतेहाबाद रोड स्थित टाटा मैदान में आयोजित होगा।

तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को दोपहर 3:40 मिनट पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इसके बाद वे दोपहर 3:45 बजे मंच से जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे। इसी विशेष कार्यक्रम में नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकताओं को उनके नियुक्ति पत्र भी बांटे जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

जनसभा करने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ करीब शाम 4:55 मिनट पर कमिश्नरी सभागार पहुंचेंगे, जहां वे करीब एक घंटा प्रशासनिक और विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा बैठक करेंगे। इसके अलावा आगरा के विकास को गति देने के लिए शाम 6 बजे करीब स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ भी एक महत्वपूर्ण बैठक की जाएगी। मुख्यमंत्री के सुरक्षित आवागमन के लिए टाटा मैदान और खंदारी स्थित आरबीएस कॉलेज परिसर में दो हेलीपैड बनाए गए हैं। शुक्रवार को दिनभर जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर, मुख्य विकास अधिकारी और पुलिस प्रशासन के सभी आला अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का अंतिम जायजा लिया।

**इन प्रमुख परियोजनाओं का होगा शिलान्यास**

अपने इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी कई विभागों की 292.40 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इनमें स्वास्थ्य और शहर के बुनियादी ढांचे से जुड़े कई बड़े कार्य शामिल हैं। प्रमुख रूप से 93.81 करोड़ रुपये की लागत से 150 बेड वाले लेडी लॉयल अस्पताल का निर्माण, 79.15 करोड़ से सुभाष पार्क- मारुति एस्टेट के बीच सीएम ग्रिड रोड और 65.44 करोड़ से शास्त्रीपुरम में स्टॉर्म वाटर ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त डीआईओएस का नया भवन, श्री कैलाश मंदिर का पर्यटन विकास, वर्किंग वूमेंस हॉस्टल और बल्केश्वर थीम पार्क का पुनर्निर्माण कार्य भी शामिल है।

**17 परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण**

शिलान्यास के साथ ही मुख्यमंत्री 50.06 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हो चुकी 17 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित करेंगे। इनमें बंदियों की सहूलियत के लिए जिला कारागार में लगभग 8 करोड़ रुपये से बनी नई बैरकें शामिल हैं। इसके अलावा खंदारी बापू नगर में 57 लाख से बनी सीसी सड़क, 4.86 करोड़ से पालीवाल पार्क का विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य और सिकंदरा में करोड़ों रुपये की लागत से बनी आरसीसी पुलिया व डक्ट का उद्घाटन भी किया जाएगा। इन परियोजनाओं से शहर के बुनियादी ढांचे को नई मजबूती मिलेगी।

## मेट्रो, स्मार्ट सिटी और 'ग्रेटर आगरा' से आधुनिक और उद्योगों का नया हब बनी ताजनगरी

**आगरा।** बीते 9 वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आगरा जनपद ने विकास की नई इबारत लिखी है। ताजनगरी अब केवल पर्यटन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह तेजी से एक आधुनिक और औद्योगिक शहर के रूप में विकसित हुई है।

योगी सरकार द्वारा इन 9 सालों में कई ऐतिहासिक परियोजनाएं धरातल पर उतारी गईं। इनमें शहर के पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बदलने वाला आगरा मेट्रो रेल प्रोजेक्ट और घर-घर शुद्ध पानी पहुंचाने वाली गंगाजल परियोजना सबसे प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त व्यवस्थित शहरी विस्तार के लिए 5,142 करोड़ रुपये की लागत वाली 'ग्रेटर आगरा' (10 हाई-टेक टाउनशिप) और 'अटलपुरम' जैसी महात्वाकांक्षी आवासीय योजनाओं की शुरूआत की गई है।

बेहतर ग्लोबल कनेक्टिविटी के लिए आगरा सिविल एन्क्लेव (एयरपोर्ट) के नए टर्मिनल का निर्माण, छत्रपति शिवाजी महाराज म्यूजियम, ओडीओसी योजना से पेठा, गजक, आगरा का पराठा से आगरा के व्यंजनों और एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत लेदर व हैंडीक्राफ्ट उद्योग को नई संजीवनी दी गई है। इसके साथ ही एसएन मेडिकल कॉलेज के आधुनिकीकरण और सीएम ग्रिड रोड जैसी सुविधाओं ने आगरा को पश्चिमी यूपी का एक प्रमुख आर्थिक और इंफ्रास्ट्रक्चर सेंटर बना दिया है।

### सीएम योगी का मिनट टू मिनट कार्यक्रम

**25 जुलाई 2026**

- दोपहर 3:40 बजे कार्यक्रम स्थल टाटा मैदान पर आगमन
- दोपहर 3:45 बजे से 4:45 बजे तक विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास और जनसभा को करेंगे संबोधित
- शाम 4:55 बजे से 5:55 बजे तक कमिश्नरी सभागार में प्रशासनिक और विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा बैठक
- शाम 5:55 बजे से 6:55 बजे तक आगरा के विकास को गति देने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक
- बैठक के बाद सर्किट हाउस आगरा में रात्रि विश्राम.

**26 जुलाई 2026**

- सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक डॉ. आंबेडकर विवि के खंदारी स्थित शिवाजी मंडपम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 'कैशलेस योजना' का करेंगे औपचारिक उद्घाटन
- सुबह 11:30 बजे हेलिकॉप्टर द्वारा मैनपुरी के लिए रवाना

## नाज़िया इलाही खान के खिलाफ याचिका पर सुनवाई

**आगरा दीवानी सीजीएम कोर्ट ने थाने से दो दिन में रिपोर्ट तलब**



**टीएनएफ टुडे, आगरा।**

दीवानी स्थित सीजीएम कोर्ट में शुक्रवार को शबाना खंडेलवाल द्वारा नाज़िया इलाही खान के विरुद्ध दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने थाना न्यू आगरा को मामले में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह रिपोर्ट दो दिनों के भीतर तलब की है। इस प्रकरण की अगली सुनवाई के लिए 27 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई है। सुनवाई के उपरांत मीडिया से बातचीत में शबाना खंडेलवाल ने कहा कि हमें चाहे जितना संघर्ष करना पड़े, हम पीछे नहीं हटेंगे। हम न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा विश्वास रखते हैं और कानून के दायरे में रहकर अपना पक्ष मजबूती से रखेंगे। सुनवाई के अवसर पर शबाना खंडेलवाल के संगठन के प्रमुख पदाधिकारी और समर्थक भारी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थित रहने वाले प्रमुख लोगों में शानू खान, जीशान खान, परवेज आलम, आदिल खान सिंधी, कुरैशी, धेनू खान, साजिद खान, निशात बेगम, प्रियंका राघव, ममता बघेल, विपिन शामिल रहे।

## 'प्रधान के इस्तीफे पर आज तक इंतजार'

**सीजेपी ने सरकार से बातचीत के बाद किया दावा- मुआवजा और एफआईआर वापसी पर सहमति**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में कॉकरोच जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास और राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका के साथ बैठक की। बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच हुई इस बैठक में दोनों पक्षों के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। यह बैठक विठ्ठल पटेल हाउस में हुई।

सीजेपी की ओर से सौरव दास और आशुतोष रांका ने सरकार के साथ बातचीत के लिए सहमति जताई। बताया जा रहा है कि सरकार ने उनकी दो सशर्त मांगें स्वीकार कर ली हैं। इनमें शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई ना करने और हालिया परीक्षा अनियमितताओं से प्रभावित छात्रों के परिवारों को पर्याप्त मुआवजा देने का आश्वासन शामिल है। हालांकि, सीजेपी अपनी मुख्य मांग पर अब भी कायम है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि उसकी प्रमुख मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की है और इस पर उसका रुख नहीं बदला है।

सरकार से बैठक के बाद सीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा, ''धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की हमारी मांग पर सरकार ने कल दोपहर तक का समय मांगा है। हमें उम्मीद है कि सरकार जल्द ही उन्हें पद से हटा देगी। सरकार ने हमारी दो अन्य मांगों पर सिद्धांततः सहमति जताई है। इनमें ठएएळ अभ्यर्थियों की आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को मुआवजा देने और छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर व अन्य कानूनी मामलों को वापस लेने की मांग शामिल है।''



**यह प्रदर्शन सिर्फ सोनम वांगचुक या दिपके तक सिमित नहीं: अभिजीत दिपके**

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष अभिजीत दिपके ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के अलावा हमें कुछ भी मंजूर नहीं है। विरोध प्रदर्शन खत्म नहीं होगा। यह विरोध प्रदर्शन देश के युवाओं का है और यह सिर्फ सोनम वांगचुक या दिपके तक सीमित नहीं है। यह विरोध प्रदर्शन देश के युवाओं का है, विपक्षी दलों का नहीं।

**सीजेपी ने उठाए क्या-क्या मुद्दे**

सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने कहा, "हमने सरकार के सामने एक और अहम मुद्दा उठाया कि दिल्ली पुलिस बीती रात से लेकर पूरे दिन और आज भी बड़ी संख्या में युवा लड़के-लड़कियों को हिरासत में ले रही है। हिरासत में लिए जा रहे लोगों में जंतर-मंतर से घर लौट रहे लोग, प्रदर्शन स्थल की ओर जा रहे लोग और यहां तक कि प्रदर्शनकारियों के लिए खाना पहुंचाने वाले लोग भी शामिल हैं। पुलिस चुन-चुनकर युवाओं को हिरासत में ले रही है और वकीलों के साथ भी धक्का-मुक्की और बदसलूकी की जा रही है। हमने सरकार से कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि इससे सरकार और युवाओं के बीच भरोसे की कमी और बढ़ेगी।"

## 80 लाख कीमत के सोने से भरा बैग लेकर भागे बाइक सवार

**टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।**

- गोवर्धन चौराहा पर राजस्थान रोडवेज बस में बैठा था कंपनी कर्मचारी

थाना हाईवे क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक बड़ी वारदात हो गई। गोवर्धन चौराहे के पास बस में सवार एक व्यापारी से करीब 80 से 85 लाख रुपये कीमत का लगभग 550 ग्राम सोने से भरा बैग लेकर दो युवक बाइक से फरार हो गए।

पीड़ित गौरव, जो राजस्थान का निवासी है और एक कंपनी में कार्यरत है। मथुरा के विभिन्न क्षेत्रों से सोना एकत्र कर बैग में लेकर जा रहा था। गोवर्धन चौराहे पर वह राजस्थान रोडवेज की बस में सवार हुआ और ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठ गया। इसी दौरान मौका पाकर बदमाश बैग उठाकर फरार हो गए। बैग गायब होने का पता चलते ही गौरव ने शोर मचाया। बस चालक ने तत्परता दिखाते हुए मोटरसाइकिल से भाग रहे आरोपियों का पीछा भी किया, लेकिन बदमाश चकमा देकर निकल गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, एसपी सिटी, सीओ और स्वाट व एसओजी टीम सहित थाना हाईवे पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, जिससे कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। एसएसपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गौरतलब है कि इसी थाना क्षेत्र में दो-तीन दिन पहले भी एक व्यापारी के कर्मचारियों से करीब 25 लाख रुपये की टप्पेबाजी की घटना सामने आई थी, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

# 'ये सब ऐसे ही नहीं चलने दे सकते.....'

## बताइए आप क्या करने वाले हैं- नीट पेपर लीक पर केन्द्र सरकार से बोला सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET-UG पेपर लीक मामले और परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े सवाल केंद्र सरकार से पूछे हैं। केंद्र सरकार से कहा कि वह NEET-UG परीक्षा से जुड़ी गलतियों के सिलसिले को खत्म करे और कंप्यूटर-आधारित परीक्षा (CBT) शुरू करने की अपनी योजनाओं के बारे में जानकारी दे।

अदालत ने साफ कहा कि सरकार को यह बताना होगा कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। कोर्ट ने विशेष रूप से NEET को पूरी तरह कंप्यूटर आधारित (CBT) मोड में ले जाने, डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने और परीक्षा व्यवस्था को संस्थागत रूप से मजबूत बनाने की योजना पर जानकारी मांगी।



**नीट पेपर लीक मामले की सुनवाई, एसी ने सीबीटी शुरू करने पर मांगी जानकारी**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह नीट-यूजी परीक्षा से जुड़ी गलतियों का सिलसिला को खत्म करे और कंप्यूटर-आधारित परीक्षा (सीबीटी) शुरू करने की अपनी योजनाओं के बारे में जानकारी दे। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने नीट पेपर लीक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र से कहा कि वे इस मामले पर बहुत बारीकी से नजर रखेंगे।

### बेंच ने सरकार से पूछा- परीक्षा के ऑनलाइन मोड में जाने के लिए क्या कर रहे हैं?

बेंच ने कहा कि हमें बताएं कि आप पूरी तरह से ऑनलाइन मोड में जाने के लिए क्या कर रहे हैं। यह भी बताएं कि जब हम कंप्यूटर-आधारित परीक्षा (CBT) की ओर बढ़ेंगे तो डेटा को कैसे सुरक्षित रखा जाएगा... हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सब कुछ एक व्यवस्थित प्रक्रिया के तहत हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह ठएएळ मामले में सरकार की ओर से उठाए जा रहे सभी कदमों की निगरानी करेगा। अदालत ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में सुधार और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस मामले पर नियमित रूप से नजर रखी जाएगी।

### फिर होगी सुनवाई: एससी

नीट परीक्षा से जुड़े मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'हम इसे ऐसे ही चलने नहीं दे सकते।' कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए 3 अगस्त की तारीख तय की है। इसी मामले से जुड़ी एक अलग सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट 27 जुलाई को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया है।

### सॉलिसिटर जनरल का जवाब- छात्रों की समस्याओं के समाधान का कर रहे प्रयास

मामले में केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने अदालत के सामने एक व्यापक दृष्टिकोण रखने के लिए कुछ और समय भी मांगा।

## 12वीं के छात्र ने खुद को गोली से उड़ाया

- इकलौते बेटे ने पिता की लाइसेंसी राइफल से की आत्महत्या
- बाह में दिल दहला देने वाली घटना से इलाके में फैली सनसनी

**बाह (आगरा)।** थाना बाह क्षेत्र की टीचर्स कॉलोनी में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। जहां 18 वर्षीय 12वीं के छात्र ने अपने घर में पिता की लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर जीवन समाप्त कर लिया। इस अचानक हुई घटना से पूरे इलाके में शोक और सन्नाटा पसर गया है। मृतक की पहचान 18 वर्षीय आदित्य शर्मा के रूप में हुई है। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके पिता सुदीप शर्मा राजस्थान में एक निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड हैं। वे गुरुवार देर रात ही ड्यूटी से लौटे थे। शुक्रवार सुबह आदित्य छत पर बने कमरे में था। करीब 10 बजे अचानक गोली चलने की आवाज सुनायी दी। इसके बाद परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर देखा तो खून से लथपथ हालत में आदित्य पड़ा हुआ था। यह देख घर में कोहराम मच गया। किसी ने तत्काल सूचना पुलिस को दी।



**मानसिक तनाव में था आदित्य**

परिजनों के अनुसार, आदित्य करीब दो-तीन वर्ष से मानसिक तनाव से गुजरा था। जिसका इलाज कराया गया था। तब से उसकी स्थिति सामान्य थी। हाल ही में उसके व्यवहार में कोई असामान्य बात नहीं देखी गई थी।

सूचना मिलते ही थाना बाह पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी राइफल को जब्त कर लिया गया है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिर भी सभी पहलुओं और साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कांवड़ियों के लिए चंबल घाट पहुंचा दूसरा स्टीमर

## डीसीपी के निर्देश पर प्रशासन ने बढ़ाई व्यवस्था

टीएनएफ टुडे, पिनाहट (आगरा)।




सावन मास में कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पिनाहट चंबल घाट पर शुक्रवार शाम दूसरा स्टीमर पहुंच गया। अब कांवड़ियों को पार कराने के लिए घाट पर दो स्टीमर संचालित होंगे। सावन में मध्यप्रदेश के हजारों कांवड़िए सोरो गंगा घाट से जल लेकर पिनाहट चंबल घाट के रास्ते एमपी सीमा में जाते हैं। भीड़ बढ़ने के कारण कांवड़ियों को लंबा इंतजार करना पड़ता था।

गुरुवार को डीसीपी पूर्वी अभिषेक अग्रवाल ने पिनाहट चंबल घाट का निरीक्षण कर कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया था। भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए उन्होंने प्रशासन से दूसरा स्टीमर उपलब्ध कराने की मांग की थी। डीसीपी के निर्देश के बाद शुक्रवार शाम दूसरा स्टीमर चंबल घाट पहुंच गया। थाना प्रभारी वीपी गिरी ने बताया कि इस दूसरे स्टीमर से केवल कांवड़िए ही चंबल पार करेंगे। आम लोगों के लिए पहले वाला स्टीमर पूर्व की तरह संचालित रहेगा। इससे कांवड़ियों को जल्द और सुरक्षित पार कराया जा सकेगा। पुलिस ने घाट पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है। गोताखोरों की ड्यूटी भी लगाई गई हि।

# फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

## फतेहाबाद के गांव मीठपुरा की घटना, पांच माह की गर्भवती थी महिला

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव मीठपुरा में शुक्रवार को पांच ह की गर्भवती विवाहिता ने फंदे लटककर जान दे दी। घटना की जानकारी से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महावीर निवासी राठौर नगर आशफाबाद थाना रसूलपुर फिरोजाबाद ने बताया कि अपनी पुत्री लक्ष्मी (19 वर्ष) की शादी आठ माह पूर्व थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव मीठपुरा निवासी दीपक पुत्र विजय सिंह के साथ की थी। लक्ष्मी पांच माह की गर्भवती थी। शुक्रवार सुबह 9 बजे के करीब दामाद दीपक अपने पिता विजय सिंह के साथ मेरे घर पर आए थे। तभी मेरी पुत्री लक्ष्मी का फोन आया और दीपक के बारे पूछा कि वह घर आए है क्या।

मैंने बोल दिया कि घर पर आ गए। तभी लक्ष्मी ने कहा कि में आज तुमको अपना मुंह नहीं दिखाऊंगी। तभी 11 बजे के करीब पुत्री लक्ष्मी ने कमरे में दुपट्टा से फंदा बनाकर पंखे के हुक से लटक गई। तभी परिजन को जानकारी हुई तो उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए आगरा में अस्पताल ले गए। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं घटना की जानकारी से परिवार में कोहराम मच गया।

प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार ने मिश्र ने बताया कि पांच माह की गर्भवती महिला ने फंदे से लटकर अपनी जान दे दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## चेकिंग में वारंटी को किया गिरफ्तार

**आगरा।** पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंटी अभियान के तहत बसई अरेला थाना पुलिस ने गुरुवार को एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 24 जुलाई को थाना क्षेत्र में वारंटी/वांछित अभियुक्तों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वारंटी विक्रम सिंह पुत्र विधाराम अपने घर ग्राम गुर्जा रामजस में मौजूद है। सूचना पर थानाध्यक्ष प्रशांत सिंह के नेतृत्व में टीम ने दबिश देकर आरोपी को घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।



## जनगणना के लिए लेखपालों को दिया प्रशिक्षण

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

जनगणना अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को तहसील फतेहाबाद के सभागार में लेखपालों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार शिखर मिश्रा ने की।इस दौरान उन्होंने बताया कि जिला जनगणना हस्त पुस्तिका का 16 अगस्त से 15 दिसंबर तक जनगणना अभियान संचालित किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक लेखपाल को अपने-अपने क्षेत्र के सभी गांवों की ग्राम पुस्तिका तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई और लेखपालों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर जिला जनगणना नोडल अधिकारी सहित तहसील के राजस्व अधिकारी, कानूनगो एवं सभी लेखपाल उपस्थित रहे।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने लगाई चौपाल



टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना डौकी क्षेत्र के बरौली गूजर में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष अशोक कुमार निषाद के नेतृत्व में जन चौपाल का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष आगरा अशोक कुमार निषाद के नेतृत्व में थाना डौकी क्षेत्र के ग्राम बरौली गूजर में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन चौपाल के मुख्य अतिथि दयाराम भार्गव राष्ट्रीय सचिव ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से 31 जुलाई को दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में होने वाली सामाजिक समरसता महारैली में शामिल होने का आवाहन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक कुमार निषाद, शिशुपाल सिंह यादव, दीपक चौहान, जयनारायण कुशवाह सहित आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मिर्ची पाउडर डाल लूट का आरोपी दबोचा

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर युवक की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर लूट करने के मामले में वांछित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि 9 जुलाई को बाइक सवार कैलाश चंद पुत्र महाराम निवासी मनोहरपुर आगरा फतेहाबाद के गांव भरापुर से बाइक से घर जा रहा था। तभी एक्सप्रेस की सर्विस रोड गांव मल्लापुरा पुलिया के पास तीन चार लोगों ने आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर लूट की गई थी। इस सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज किया गया है। शुक्रवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वांछित सुनील पुत्र लोटन सिंह उर्फ लाल सिंह निवासी रिहावली थाना फतेहाबाद को फिरोजाबाद तिराहे से गिरफ्तार किया गया। जिसमें कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल बरामद किया गया है।

जिसे जेल भेज दिया गया है। वहीं पुलिस ने दो लोगों को 18 जुलाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र, सर्विलांस सेल प्रभारी सचिन तोमर, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्यभान सिंह, सागर कुमार, शिवप्रकाश सहित आदि मौजूद रहे।

# मनोरिशी पब्लिक स्कूल में आदित्य का स्वागत

टीएनएफ टुडे, पिनाहट (आगरा)।




कस्बा पिनाहट के बसई अरेला स्थित मनोरिषी पब्लिक स्कूल में नीट 2026 में शानदार सफलता हासिल करने वाले आदित्य समाधिया का शुक्रवार को भव्य स्वागत किया गया। आदित्य ने ऑल इंडिया 6वीं रैंक और जनरल में 146वीं रैंक प्राप्त कर एम्स नई दिल्ली में प्रवेश पाया है। स्कूल पहुंचने पर प्रबंधक प्रशांत पचौरी, प्रधानाचार्य वरुण शर्मा व समस्त स्टाफ ने आदित्य का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान आदित्य ने स्कूली बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि मेरी प्रारंभिक शिक्षा भी इसी मनोरिशी पब्लिक स्कूल बसई अरेला से हुई है। आदित्य ने छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने का मूलमंत्र दिया। बच्चों ने भी आदित्य से पढ़ाई और नीट की तैयारी के टिप्स लिए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक प्रशांत पचौरी ने कहा कि आदित्य ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य वरुण शर्मा के साथ विनय कुमार, ओमकार बघेल, विकास त्यागी, प्रदीप वर्मा, विमल अरेला, मोहिनी बघेल, शालू शर्मा, अपर्णा, अंजली, ममता, कृष्णा, प्रिया, जूली, करिश्मा, संगीता सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## महिला से ठगी के दो आरोपी दबोचे

**खेरागढ़।** कस्बा स्थित सब्जी मंडी में बीते शनिवार को सब्जी लेने आई महिला सुनीता को पांच सौ रुपये के नोट का लालच देकर सोने के कुंडल ठगने वाले दो शातिर आरोपियों को खेरागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार को सैंया रोड स्थित लालपुर चौराहा पर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम की गिरफ्त में आए आरोपी सरवन निवासी बड़ोदरा गुजरात हाल निवासी आवास विकास एवं कार्तिक निवासी अमरपुरा, थाना जगदीशपुरा, आगरा हैं। उनके कब्जे से एक देशी तमंचा, जिंदा कारतूस, अवैध चाकू, चोरी के दो कुंडल, घटना में प्रयुक्त बाइक और पांच सौ रुपये का नोट लगा कागज का बंडल बरामद किया है। बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने भीड़भाड़ वाले बाजारों में महिलाओं को लालच देकर आभूषण ठगते थे। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया है।

# फास्ट ट्रैक कोर्ट से परीक्षा माफिया पर कसेगी नकेल: अभाविप

टीएनएफ टुडे, आगरा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) परीक्षा प्रणाली की शुचिता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की दिशा में भारत सरकार द्वारा परीक्षा माफिया के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्रवाई हेतु फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन, प्रशासनिक परिवर्तन तथा माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने एवं दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई के आश्वासन को आवश्यक तथा समयोचित कदम मानती है। इन निर्णयों के उपरांत श्री सोनम वांगचुक द्वारा 26 दिनों से जारी भूख हड़ताल समाप्त करने का निर्णय संवाद एवं सकारात्मक समाधान की दिशा में एक विवेकपूर्ण कदम है, अभाविप उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती है।

अभाविप प्रारंभ से ही परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा पेपर लीक जैसी गंभीर समस्याओं की रोकथाम हेतु व्यापक संरचनात्मक एवं संस्थागत सुधारों की मांग कर रही है। इस दिशा में परीक्षा माफिया के विरुद्ध त्वरित एवं कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन, परीक्षा व्यवस्था को अधिक उत्तरदायी एवं विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से किए गए शैक्षिक प्रशासनिक परिवर्तन तथा माननीय प्रधानमंत्री द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से विद्यार्थियों को आश्वस्त करते हुए यह जानकारी साझा करना कि इस विषय पर कैबिनेट में चर्चा कर परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने हेतु दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई हेतु नीतिगत परिवर्तन तथा कठोर कानून लाया जाएगा, जो आवश्यक एवं समय की मांग के अनुरूप कदम हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि, ₹परीक्षा माफिया के विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन, प्रशासनिक परिवर्तन तथा माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने हेतु दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई का आश्वासन आवश्यक एवं समय की मांग के अनुरूप कदम हैं। व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

# चंबल घाट पर लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**पिनाहट (आगरा)।** सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट की ओर से चंबल नदी घाट पर स्वास्थ्य शिविर स्थापित किया जाएगा। शुक्रवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रमोद कुशवाहा ने शिविर के लिए चयनित स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डॉ. प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि मध्यप्रदेश की ओर आने-जाने वाले कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए चंबल घाट पर यह शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में 24 घंटे चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। यात्रा के दौरान यदि किसी कांवड़िये की तबीयत बिगड़ती है या किसी को चिकित्सकीय सहायता की जरूरत पड़ती है तो मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए आवश्यक दवाइयां, प्राथमिक उपचार किट और अन्य स्वास्थ्य संबंधी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि कांवड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि शिविर में बुखार, चोट, उल्टी-दस्त और थकान जैसी सामान्य समस्याओं के उपचार की पूरी व्यवस्था रहेगी।

## छात्राओं को साइबर जागरूकता का दिया संदेश

खेरागढ़। राजकीय महाविद्यालय सैंया, खेरागढ़ में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। थाना सैंया से पहुंचीं पुलिस अधिकारी निकिता एवं रेशमा ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 112, 1090, 1098 और 181 के उपयोग की जानकारी देते हुए आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित महिलाओं और बालिकाओं के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। साथ ही सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग और साइबर ठगी से बचाव के बारे में जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविन्द्र कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कार्यक्रम में मिली जानकारी को समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. रेखा सुमन ने किया। इस अवसर पर डॉ. विशाल भास्कर, डॉ. हुकुम सिंह, डॉ. अनिल कुमार गौतम, डॉ. विजय आनंद गौतम सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन

## नियमित मानदेय की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

टीएनएफ टुडे, खंदौली (आगरा)।

प्रदेशभर में नियमित मानदेय की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के तहत शुक्रवार को विकासखंड खंदौली स्थित पशु चिकित्सालय पर पैरावेट (पशु मित्र/मैत्री) कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद पैरावेटों ने पशु चिकित्साधिकारी डॉ. ओम बाबू बाथम एवं डॉ. हरपाल सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए नियमित मानदेय की व्यवस्था लागू करने की मांग की।

पैरावेटों का कहना है कि वे वर्षों से पशुपालन विभाग के माध्यम से एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) टीकाकरण, कृत्रिम गभार्धान, टैगिंग, पशुगणना सहित विभिन्न योजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन उन्हें आज तक नियमित मानदेय का लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर कई बार आश्वासन दिए गए, प्रस्ताव भी भेजे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक नियमित मानदेय के संबंध में सरकार स्पष्ट निर्णय नहीं लेती, तब तक प्रदेश संगठन के आह्वान पर एफएमडी टीकाकरण एवं कृत्रिम गभार्धान जैसे कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा।

उन्होंने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर पैरावेटों के साथ न्याय करने की मांग की। इस अवसर पर पैरावेट श्याम बाबू, वीरेंद्र सिंह, निन्नू राम, सुमित, प्रशांत कुमार, कर्मवीर, संजय शर्मा, वीरेंद्र सिंह, अनुज जूरैल, धर्मवीर सिंह, मनोज कुमार, जितेंद्र कुमार सहित क्षेत्र के अनेक पैरावेट कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# बल्केश्वर मेले में इस बार नहीं लगेंगे झूले

टीएनएफ टुडे, आगरा।

**प्रशासन ने रद्द की अनुमति, अवैध वसूली की शिकायत पर फैसला**

कमला नगर थाना क्षेत्र में सावन के दूसरे सोमवार को लगने वाले प्रसिद्ध बल्केश्वर महादेव मेले में इस बार झूलों का रोमांच नजर नहीं आएगा। आयोजकों के बीच विवाद, आपसी खींचतान और सुरक्षा को लेकर स्थानीय लोगों की आपत्तियों के बाद प्रशासन ने 25 जुलाई से 18 अगस्त तक झूले लगाने की दी गई अनुमति को निरस्त कर दिया है। बब्बन का बाड़ा, मान सिंह पार्क और बल्केश्वर क्षेत्र में प्रस्तावित छोटे-बड़े झूलों पर अब रोक लगा दी गई है।

प्रशासन के इस फैसले का उद्देश्य मेले के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना बताया गया है। बल्केश्वर मेले में झूले लगाने को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद की स्थिति बनी हुई थी।

बल्केश्वर निवासी चंद्रेश गर्ग ने जिलाधिकारी, एसीपी तथा कमला नगर थाने में शिकायत देकर झूलों की अनुमति निरस्त करने की मांग की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि क्षेत्र के कुछ लोग झूलों के संचालकों से अवैध वसूली करते थे, जिसके कारण झूले संचालक टिकट की कीमत बढ़ाकर प्रति व्यक्ति 70 से 80 रुपये तक वसूलते थे। पिछले साल इसी तरह की अवैध वसूली का एक झूला संचालक ने खुलासा भी किया था।

शिकायतकर्ता का कहना था कि मेला कमेटी की ओर से झूले की कीमत आम लोगों के लिए 20 से 25 रुपये के बीच रखने की बात कही जाती थी, लेकिन कथित अवैध वसूली के कारण झूला संचालक अधिक शुल्क लेने को मजबूर होते हैं।

इस बार भी झूलों को लेकर शुरू हुआ विवाद प्रशासन तक पहुंच गया। शिकायतों और तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए झूलों की अनुमति रद्द कर दी गई है।

## लोकतंत्र में संवाद की लाठी नहीं हो सकती: राहुल

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राहुल चतुर्वेदी का कहना है कि लोकतंत्र में संवाद की जगह लाठी नहीं हो सकती। दिल्ली में छात्रों पर लाठी चार्ज की कार्रवाई सरकार की तानाशाही दर्शाती है। चतुर्वेदी ने कहा कि जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को डिटेन किया। यह सरकार की तानाशाही और छात्र विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। लोकतंत्र में अपनी आवाज उठाने का सबको अधिकार है लेकिन, सरकार अपनी दमनकारी नीति से सब पर अत्याचार कर रही है। सपा प्रदेश सचिव ने मांग की कि लाठी चार्ज के दोषी पुलिस अधिकारियों को तुरंत निलंबित किया जाए। छात्रों की मांगों पर तुरंत वार्ता हो।

## जनकपुरी: क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का खाका तैयार

# अधिक विकास कार्य कराना होगी हमारी प्राथमिकता: राजू यादव

टीएनएफ टुडे, आगरा।

जनकपुरी महोत्सव को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से जनकपुरी आयोजन समिति ने तैयारियों को गति देते हुए शुक्रवार को क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में क्षेत्रीय पार्षद वेद प्रकाश गोस्वामी तथा समिति के पदाधिकारियों ने के.के. नगर, शिवा कुंज, विनायक नगर, पुरुषोत्तम दास सावित्री देवी कैंसर हॉस्पिटल से भावना एस्टेट की ओर आने वाली मुख्य रोड, गणपति आशियाना आवासीय परिसर के चारों तरफ की रोड, महर्षि पुरम से होली पब्लिक स्कूल की तरफ आने वाली मुख्य रोड, नेशनल हाईवे बुलेट अड्डा से महर्षि पुरम की ओर आने वाली मुख्य रोड, सहित समूचे प्रस्तावित जनकपुरी क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण कर विकास कार्यों का विस्तृत आकलन किया ।

निरीक्षण के दौरान सड़कों की स्थिति, नालियों एवं नालों की सफाई, पथ प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) व्यवस्था, जल निकासी,



स्थानीय स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया । समिति ने उन स्थानों को चिन्हित किया, जहां तत्काल विकास कार्य कराए जाने आवश्यक हैं, ताकि महोत्सव से पूर्व संपूर्ण क्षेत्र आधुनिक एवं सुव्यवस्थित स्वरूप में विकसित हो सके।

आयोजन समिति के अनुसार जनकपुरी महोत्सव केवल धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र के बहुआयामी विकास का माध्यम है । महोत्सव के अंतर्गत नई सड़कों का निर्माण, जर्जर मार्गों की मरम्मत, नई नालियों का निर्माण, नालों की सफाई, एलईडी स्ट्रीट लाइटों की स्थापना, विद्युत व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, पेयजल एवं जल निकासी व्यवस्था में सुधार, विशेष स्वच्छता अभियान, चौराहों एवं प्रमुख मार्गों का सौंदर्यीकरण, पार्कों का सौंदर्यीकरण, दिशा-सूचक बोर्ड, पार्किंग व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार तथा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने जैसे अनेक जनहितकारी कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर अरविंद शर्मा, संतोष कटारा, संजय गोयल, मनोज बंसल, राणा सुशील सिंह, नरेंद्र शर्मा, डॉ. अवीजीत कुमार अवस्थी, प्रभाकर शर्मा, स्वामीनाथ तिवारी, डॉ. संजीव चौहान, भूपेंद्र, निमित्त पोरवाल, शिवा यादव एवं ठाकुर सतीश जादौन सहित समिति के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।

## किसान गोष्ठी एवं प्रक्षेत्र दिवस आयोजित

**आगरा।** भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झांसी द्वारा संचालित एवं उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ द्वारा वित्तपोषित परियोजना 'उत्तर प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्नत कृषि तकनीकी समावेश' के अंतर्गत आगरा जनपद के पांच गांवों (सहारा, बराड़ा, अंगूठी, मिजार्पुर और अटूस) में परियोजना की गतिविधियों की समीक्षा एवं मूल्यांकन के उद्देश्य से भ्रमण कार्यक्रम 24 जुलाई को संपन्न हुआ। किसान वैज्ञानिक संवाद तथा किसान गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें 120 किसान सम्मिलित हुए। विशेषज्ञ समिति में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से सदस्य डॉ. ओमवीर सिंह, डॉ. पी.वी. सिंह, डॉ. अनिल कुमार यादव एवं उपकार समिति सदस्य डॉ. ओ.पी. वर्मा (प्रमुख विशेषज्ञ) तथा डॉ. अवधेश कुमार यादव एवं परियोजना क्रियान्वयन टीम से डॉ गौरेंद्र गुप्ता (प्रधान अन्वेषक), सीताराम कांटवा, एवं डॉ प्रकाश नारायण द्विवेदी, डॉ महेश कुमार सिंह एवं वीरेंद्र रहे।

# श्रावण मास और कांवड़ यात्रा पर प्रशासन अलर्ट

## प्रमुख शिवालयों और कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा, स्वच्छता की पुख्ता व्यवस्था

टीएनएफ टुडे, आगरा।



आगामी श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, नगर निगम, विद्युत और स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के सभी प्रमुख शिवालयों राजेश्वर महादेव, मनकामेश्वर, कैलाश महादेव, बल्केश्वर महादेव, पृथ्वीनाथ महादेव, रावली महादेव और बटेश्वर नाथ तथा कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाएं समय से पूरी कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसरों और वहां तक पहुंचने वाले रास्तों की साफ- सफाई, मजबूत बैरिकेडिंग और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी सुनिश्चित करने को कहा है। इसके अलावा बिजली विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले सभी खुले तार और करंट लीकेज की समस्या को तत्काल दूर किया जाए। नगर निगम और ग्राम पंचायतों को भी मंदिरों व मार्गों पर पेयजल, लाइट, डस्टबिन और एंटी- लार्वा छिड़काव की व्यवस्था करने को कहा गया है।

**बटेश्वर घाट और ट्रैफिक प्रबंधन की तैयारी**

बटेश्वर क्षेत्र में सावन के हर सोमवार को उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए घाटों पर पर्याप्त गोताखोर, नावें, फ्लड रेस्क्यू उपकरण और सुरक्षा जाली लगाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख मंदिरों के पास मेडिकल टीम, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड मुस्तैद रहेगी। इसके साथ ही, मेट्रो निर्माण कार्य के चलते प्रभावित रास्तों पर ट्रैफिक पुलिस को एक प्रभावी डायवर्जन प्लान लागू करने के लिए कहा गया है।

**बटेश्वर घाट पर गोताखोरों की तैनाती, विशेष डायवर्जन प्लान होगा लागू**

**शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील**

इस बार श्रावण मास के दौरान 4 अगस्त को चेहल्लुम और 26 अगस्त को बारावफात भी है। जिलाधिकारी ने सभी से एक- दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की है। बैठक में नगर आयुक्त संतोष वैश्य, एडीएम (नगर) यमुनाधर चौहान और एडिशनल डीसीपी हिमांशु गौरव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आचार्य सौभाग्यसागर महाराज का मंगल प्रवेश २६ को

## 29 जुलाई को चातुर्मास कलश स्थापना समारोह का आयोजन



टीएनएफ टुडे, आगरा।

श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति, जयपुर हाउस द्वारा शुक्रवार को विहर्ष सभागार भवन में प्रेस वार्ता आयोजित कर आचार्य श्री सौभाग्यसागर जी महाराज ससंघ के वर्षायोग-2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर तपस्वी सम्राट चातुर्मास समिति एवं श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति द्वारा वर्षायोग पत्रिका का विधिवत विमोचन भी किया गया। चातुर्मास समिति के संयोजक नीरज जैन एवं मनोज चैन वालों ने बताया कि लगभग 20 वर्षों के बाद जयपुर हाउस में आचार्य श्री का वर्षायोग आयोजित हो रहा हैजिससे क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उल्लास का वातावरण है। मंदिर समिति ने आयोजन की तैयारियां युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दी हैं। मंदिर समिति अध्यक्ष राकेश जैन परदे वालों ने बताया कि 26 जुलाई को प्रातः 7 बजे श्री दिगंबर जैन मंदिर चैत्यालय से आचार्य श्री सौभाग्य सागर जी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश शोभायात्रा के रूप में प्रारंभ होगा।

# हजरत सैय्यदना शाह अमीर अबुलउला का उर्स

## अकीदतमंदों ने की गुस्ल, संदलमाली व चादरपोशी

टीएनएफ टुडे, आगरा।



हजरत सैय्यदना शाह अमीर अबुल उला (रह.) के 387वें उर्स मुबारक के अवसर पर शुक्रवार को दरगाह शरीफ में परंपरागत रूप से गुस्ल, संदलमाली और चादरपोशी का आयोजन किया गया। गुस्ल की रस्म सज्जादानशीन एवं मुतवल्ली हजरत सैय्यद मोहतशिम अली अबुल उलाई ने रिवायत के अनुसार संपन्न कराई। इस दौरान नायब सज्जादगान सैय्यद विरासत अली अबुल उलाई, सैय्यद इशाअत अली अबुल उलाई और सैय्यद कैफ अली अबुल उलाई के साथ जाकिर अली दानिश (हैदराबाद), सूफी जुबेर मियां (हैदराबाद), मौलाना सैय्यद अमीन मियां (अजमेर), मौलाना निजाम उद्दीन हारूनी चिश्ती (हैदराबाद), सैय्यद इकबाल अली, सैय्यद अरीब अली, सैय्यद आसिम अली, सैय्यद शहाब अली, सैय्यद अजहर अली तथा हाजी नौशाद शफीक इरशाद सहित अनेक अकीदतमंदों ने दरगाह पर संदल और चादर पेश की। रस्मों के उपरांत दरबार-ए-सैय्यदना सरकार में देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारा, एकता और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई।

सज्जादानशीन सैय्यद मोहतशिम अली अबुल उलाई ने बताया कि हजरत सैय्यदना शाह अमीर अबुल उला (रह.) के दादा हजरत ख्वाजा अमीर अब्दुल सलाम (रह.) मुगल सम्राट अकबर के शासनकाल में समरकंद से अपने परिवार सहित हिंदुस्तान आए थे। यात्रा के दौरान उन्होंने दिल्ली के निकट कस्बा नरेला में कुछ समय विश्राम किया, जहां इस्लामी हिजरी 990 में हजरत सैय्यदना शाह अमीर अबुल उला (रह.) का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि हजरत की शिक्षाएं आज भी इंसानियत, प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देती हैं।

# बस के ब्रेक लगने से टेंपो चालक घायल

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद-आगरा मार्ग पर पलिया के पास बस चालक के अचानक ब्रेक लगाने से टेंपो पीछे से घुसा चालक घायल सवारी बाल-बाल बची। प्राप्त जानकारी के अनुसार योगेश पुत्र मोहन सिंह निवासी डाडा बिहारी थाना निबोहरा फतेहाबाद से आगरा के लिए टेंपो में सवारी भरकर जा रहा था। तभी सुबह 8 बजे के करीब पलिया गांव के पास पहुंचा ही था कि सामने चल रही बस चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे पीछे चल रहा टेंपो बस के पीछे घुस गया जिससे चालक घायल हो गया। जानकारी पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और चालक को अस्पताल भेजा।

जहां सवारियां बाल-बाल बच गई जो उतरकर अन्य वाहन से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची टेंपो को रास्ते से हटाया गया तथा बस का पता किया जा रहा है।

## छात्र संसद से बढ़ेगी नेतृत्व क्षमता

# गणेश राम नागर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में छात्र संसद गठित

टीएनएफ टुडे, आगरा।




गणेश राम नागर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर ने 24 जुलाई को बड़े उत्साह के साथ अपना छात्र संसद गठन समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शैक्षणिक सत्र 2026झ27 के लिए छात्र परिषद का औपचारिक गठन कर विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथि नीरज गुप्ता जी निवर्तमान महानगर उपाध्यक्ष (भाजपा), सनफ्लावर ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक तथा प्रख्यात समाजसेवी ने बढ़ाई। डॉ. प्रतिमा गुप्ता, प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ, विद्यालय की पूर्व प्रबंधक एवं संरक्षिका तथा विवेकानंद नर्सिंग होम से संबद्ध, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। नव-निर्वाचित मंत्रिमंडल में विद्यालय अध्यक्ष आर्या, उपाध्यक्ष अव्या, प्रधानमंत्री राधिका, उप-प्रधानमंत्री आयुषी तथा विपक्ष की नेता अमोली शामिल हैं। हाउस नेतृत्व की जिम्मेदारी अरुन्या और यशिका (रेड हाउस), उन्नति और रितिका (ब्लू हाउस), साव्या और कीर्ति (येलो हाउस) तथा निधि और हर्षिता (ग्रीन हाउस) को सौंपी गई। अन्य पदाधिकारियों में भूमिका (सांस्कृतिक प्रमुख), काव्या (अनुशासन प्रमुख), मुस्कान (सहायक अनुशासन प्रमुख), वैष्णवी (खेल कप्तान) तथा छवि (उप-खेल कप्तान) शामिल हैं।

मंत्रिमंडल के सदस्यों ने शपथ ग्रहण करते हुए विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अपने दायित्वों एवं जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा ईमानदारी, समर्पण और सेवा-भाव के साथ विद्यालय एवं विद्यार्थियों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रधानाचार्या चारु पटेल, समन्वय अनामिका पाराशर, नेहा नायक और महक यादव मौजूद रहीं।

## दो माह में लापता २३० मोबाइल बरामद

# पुलिस ने 57.5 लाख रुपये की संपत्ति लौटाई

टीएनएफ टुडे, आगरा।



पुलिस कमिश्नरेट आगरा के नगर जोन की सीसीटीएनएस सेल एवं सर्विलांस सेल ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पिछले दो महीनों में गुम हुए 230 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब ?57.50 लाख बताई गई है। पुलिस आयुक्त के निर्देशन एवं पुलिस उपायुक्त नगर के पर्यवेक्षण में भारत सरकार के पोर्टल की सहायता से गुमशुदा मोबाइलों की ट्रेसिंग की गई। विभिन्न थानों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर टीम ने मोबाइलों में उपयोग किए जा रहे सिम नंबरों और उनकी लोकेशन का विश्लेषण कर सफलतापूर्वक रिकवरी की।

बरामद मोबाइलों में सबसे अधिक 50 मोबाइल सर्विलांस सेल द्वारा बरामद किए गए। वहीं शाहगंज थाना क्षेत्र से 20, ट्रांस यमुना से 9, सदर बाजार और एकता थाना से 8-8, छत्ता और जगदीशपुर से 7-7, लोहामंडी से 6, नई की मंडी, सिकंदरा, एमएम गेट, मंटोला, हरीपर्वत और ताजगंज से 5-5 मोबाइल बरामद किए गए कुछ थानों में कोई रिकवरी दर्ज नहीं हुई। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने आगरा पुलिस का आभार व्यक्त किया और इस कार्य की सराहना की। इस अभियान में शामिल पुलिस टीम में उनि अभिषेक तिवारी, प्रभारी सर्विलांस सेल, सहायक उनि बृजेश कुमार, प्रभारी सेल, कांस्टेबल शुभम चौधरी, कांस्टेबल अर्जुन, कांस्टेबल मोनू आदि शामिल रहे।

# सहकारी समितियों से खाद वितरण बंद

**खेरागढ़।** क्षेत्र की सहकारी समितियों में सर्वर ठप होने के कारण किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। गोदामों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होने के बावजूद पीओएस मशीनें काम नहीं कर रहीं, जिससे वितरण पूरी तरह प्रभावित है।

खाद लेने पहुंचे किसानों को बिना खाद के वापस लौटना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन में समय पर खाद नहीं मिलने से फसलों की बुवाई और बढ़वार प्रभावित हो सकती है। किसानों ने जल्द सर्वर ठीक कराकर खाद वितरण शुरू कराने की मांग की है।

# जीवन में मित्र जरूरी, लेकिन शकुनि जैसे नहीं: जया किशोरी

## फतेहाबाद रोड स्थित रोजदेवम में श्रीमद्भागवत कथा जारी

टीएनएफ टुडे, आगरा।



जीवन में मित्र बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसलिए संगत अच्छी रखिए। संगत शकुनि जैसी हो तो व्यक्ति को श्रीकृष्ण भी नहीं भाते। हर व्यक्ति के जीवन में कोई न कोई शकुनि होता है। जिसका काम नराकात्मकता फैलाना है। इसलिए जीवन में कि और बेहतर के लिए प्रयास करें। परन्तु जो है उसका भी आनन्द लीजिए। कलयुग में भगवान को प्राप्त करने के दो ही मार्ग हैं। भक्ति और ज्ञान। भक्ति का पहला कदम समर्पण है। जो व्यक्ति के मैं को खत्म करता है। ज्ञानी में अहंकार हो सकता है, भक्त में नहीं। जब दुख में सुखी रहने लग जाओ तो समझ लेना कि समर्पण सीख लिया। क्योंकि भक्त किसी भी परिस्थिति में ईश्वर पर आरोप नहीं लगाते। आरती के साथ कथा विश्राम हुआ और सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।



शकुनियों से दूर रहिए।

फतेहाबाद रोड स्थित रोजदेवम में श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को व्यासपीठ पर विराजमान पूज्यश्री जया किशोरी ने श्रीहरि के अवतारों की कथा वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को अच्छे मित्रों का चुनाव करने का भी ज्ञान दिया। गोकर्ण और धुंधकारी की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि सांसारिक हार हार नहीं होती। मन से हार जाना हार है। उन्होंने कहा

# होटल में पति-पत्नी का हाई वोल्टेज ड्रामा, थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के होटल का मामला

टीएनएफ टुडे, आगरा।



थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में स्थित एक होटल में शुक्रवार को पति-पत्नी के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। दोनों के बीच काफी देर तक कहासुनी और हंगामा चलता रहा। जिसे वहां मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पति ने अपनी पत्नी पर अवैध संबंध होने का आरोप लगाया। उसका कहना है कि उसकी पत्नी पिछले करीब तीन महीने से मायके में रह रही है। इसी दौरान उसके एक दोस्त आरिफ ने उसके साथ विश्वासघात किया। पति का आरोप है कि उसे अपनी जान-माल का खतरा है और इस पूरे मामले को लेकर उसने पहले ही शाहदरा चौकी पुलिस को लिखित शिकायत देकर सुरक्षा की मांग की थी। पीड़ित का कहना है कि शिकायत देने के बावजूद कई दिनों तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच डीपी होटल में पत्नी के मिलने की सूचना पर वह वहां पहुंचा, जहां दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान हुए हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भी क्षेत्र में संचालित होटलों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। वायरल वीडियो की भी जांच की जाएगी और दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले की वास्तविक स्थिति पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।

**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com

पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# शतकीय यात्रा पर भारतीय प्रसारण

भारतीय इतिहास में रेडियो कई ऐतिहासिक घटनाओं का गवाह रहा है। तीन जून 1947 को भारत विभाजन की योजना की देश को जानकारी रेडियो के जरिए ही मिली। तब माउंट बेटन, नेहरू, जिन्ना और सरदार बलदेव सिंह ने रेडियो के ही माध्यम से अपने विचार रखे थे। 14-15 अगस्त 1947 की दरम्यानी रात को भारत की आजादी के बाद नेहरू के प्रसिद्ध भाषण ह्यट्रिस्ट विथ डेस्टिनीह्व को देश ने रेडियो के जरिए सुना था। गांधी जी जिंदगी में सिर्फ एक बार 12 नवंबर 1948 को दिल्ली केंद्र आए थे। यहां से उन्होंने रेडियो के जरिए कुरूक्षेत्र स्थित शरणार्थियों को संबोधित किया था। उसका सकारात्मक असर पड़ा। गांधी इसके बाद रेडियो के मुरीद हो गए थे। इस याद को आकाशवाणी ने 12 नवंबर के दिन को लोक प्रसारण दिवस के रूप में याद रखा है। 23 जुलाई 1927 को महज शौकिया प्रसारण से शुरू हुई आकाशाणी का प्रसारण आज विशाल वटवृक्ष के रूप फैल चुका है। आज 232 केंद्रों, 304 चैनलों और 756 ट्रांसमीटरों के विशाल नेटवर्क के साथ आकाशवाणी दुनिया का सबसे बड़ा प्रसारक है। इसकी पहुंच देश के करीब 92 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र और 99 प्रतिशत जनसंख्या तक है। जिनके लिए 23 भाषाओं और 183 बोलियों में लगातार प्रसारण जारी है। कह सकते हैं कि सौ साल में प्रसारण आज देश की धड़कन बन चुका है, जिसमें सूचनाएं हैं, संगीत है और लोकजागरण का संदेश भी। इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस समय देश में रेडियो का विस्तार हो रहा था, उन्हीं दिनों स्वाधीनता आंदोलन चरम पर था। उसी दौरान 1942 में डॉक्टर राममनोहर लोहिया और ऊषा मेहता की अगुआई में मुंबई से कांग्रेस रेडियो और रंगून से सुभाष चंद्र बोस ने आजाद रेडियो का प्रसारण शुरू किया। बोस जहां अपने रेडियो के जरिए भारतीय जनता से संवाद कर रहे थे, वहीं कांग्रेस रेडियो भूमिगत ढंग से चलाया जा रहा था। जिसके जरिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्वतंत्रता आंदोलनकारियों को सूचनाएं दी जा रही थीं। उन्हीं दिनों अंग्रेज सरकार ने देश में नौ रेडियो प्रसारण केंद्र स्थापित किए। ये केंद्र दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, लखनऊ, त्रिचिरापल्ली, चेन्नई, ढाका, पेशावर और लाहौर में थे। बंटवारे के बाद भारत के हिस्से छह रेडियो स्टेशन आए, जबकि पाकिस्तान को ढाका, पेशावर और लाहौर स्टेशन मिले। आजादी के बाद देश के पहले सूचना और प्रसारण मंत्रालय की जिम्मेदारी सरदार पटेल को मिली। उन्हें रेडियो की महत्ता का भान था। इसीलिए उन्होंने रेडियो के तेज विकास की नींव रखी। आजादी के बाद पहला रेडियो स्टेशन 16 जुलाई 1948 को शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन पटेल ने किया था। स्वाधीन भारत में रेडियो का चरित्र और लक्ष्य क्या होगा, इसका संकेत सरदार पटेल के उस उद्घाटन भाषण में दिखता है। सार्वजनिक प्रसारक के रूप में रेडियो के लक्ष्य को एक तरह से मद्रास प्रांत के तत्कालीन प्रीमियर सी राजगोपालाचारी ने 1938 में ही रख दिया था। 16 जून 1938 को मद्रास रेडियो स्टेशन का उद्घाटन करते हुए राजगोपालाचारी ने रेडियो को लोक जागरण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया था। इसके साथ ही उन्होंने संचार के तेज माध्यम के रूप में रेडियो का शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि संबंधी जानकारी देने के लिए करने पर जोर दिया था। यहां यह बताना जरूरी नहीं है कि सार्वजनिक प्रसारक के रूप में रेडियो आज भी यह भूमिका बखूबी निभा रहा है। इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी छह लाख की पूंजी से शुरू की गई थी। कंपनी ने रेडियो प्रसारण के लिए अंग्रेज सरकार से 13 सितंबर 1926 को करार हुआ, जिसके तहत उसने प्रसारण शुरू किया। कंपनी को पूंजी में से साढ़े चार लाख दोनों रेडियो केंद्रों की स्थापना में ही खर्च हो गए। तब आमदनी का स्रोत रेडियो लाइसेंस फीस थी, जो प्रति रेडियो दस रूपए थी। बहुत कोशिशों के बावजूद सिर्फ आठ हजार ही लाइसेंस दिए जा सके। तब प्रसारण डेढ़-डेढ़ किलोवाट के ट्रांसमीटरों से बमुश्किल तीस मील के ही दायरे में हो पा रहा था, लिहाजा रेडियो का प्रसार नहीं बढ़ा। कंपनी को रेडियो प्रसारण के लिए बड़ी रकम खर्च करनी पड़ रही थी। लिहाजा यह कंपनी 1930 में ही बंद हो गई। भारत में आधुनिक प्रसारण की ठोस बुनियाद रखने का श्रेय भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड लिनलिथगो और ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कंपनी के पूर्व प्रसारक लायनेड फील्डेन को जाता है। लिनलिथगो की पहल पर उद्योग और श्रम विभाग के अधीन अप्रैल 1930 में इंडियन स्टेट ब्राडकास्टिंग सर्विस की शुरूआत हुई। इसे रेडियो प्रसारण को नया रूप देना था। इसके बाद अगस्त 1935 में लायनेड फील्डेन को इस सर्विस का कंट्रोलर नियुक्त किया गया। फील्डेन को यह नाम पसंद नहीं आ रहा था। फील्डेन ने अपनी पुस्तक ह्यनेचुरल बेंटह्व में लिखा है कि उन्होंने लिनलिथगो को सुझाया कि ब्रॉडकास्टिंग शब्द कठिन है, जो आसानी से भारतीयों की जुबान पर नहीं चढ़ पाएगा। फिर यह नाम भारत सरकार अधिनियम के अनुकूल नहीं है। लिहाजा उन्होंने इसे ह्यऑल इंडिया रेडियोह्व करने का सुझाव दिया। जिसे लिनलिथगो ने स्वीकार कर लिया। इसी के बाद आठ जून 1936 को ऑल इंडिया रेडियो के नाम से दिल्ली के अलीपुर के छह कमरों के एक घर से रेडियो प्रसारण शुरू हुआ। कुछ महीने बाद यह दफ्तर दिल्ली के संसद मार्ग स्थित नए बने प्रसारण भवन में आया और तब से लेकर अब तक दिल्ली केंद्र का प्रसारण वहीं से हो रहा है। तीन मई 2023 से ऑल इंडिया रेडियो आकाशवाणी के नाम से जाना जा रहा है। वैसे ऑल इंडिया रेडियो को आकाशवाणी नाम गांधी जयंती के दिन 1957 में दिया गया, जिसे अगले दिन से लागू किया गया। आकाशवाणी का जिक्र हमारे पौराणिक ग्रंथों में आकाश से आने वाली आवाज या देववाणी के रूप में मिलता है। वैसे आकाशवाणी के नाम से मैसूर के विद्वान एमवी गोपालस्वामी ने 10 सितंबर 1935 से रेडियो प्रसारण शुरू किया था।

# संवाद से सशक्त होगा लोकतंत्र, हिंसा से नहीं



दिल्ली के जंतर-मंतर से संसद भवन तक हाल के आंदोलन के दौरान जो तनाव, टकराव और हिंसक घटनाएं देखने को मिलीं, वे केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं हैं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव, बैरिकेड तोड़ने के प्रयास, मेट्रो स्टेशन में जबरन प्रवेश की कोशिश, पुलिस द्वारा लाठीचार्ज और आंसू गैस का प्रयोग-ये सभी दृश्य उस लोकतांत्रिक संस्कृति के अनुरूप नहीं कहे जा सकते, जिसकी आधारशिला अहिंसा, संवाद और संवैधानिक मयार्दाओं पर रखी गई है। भारत आज आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 की ओर बढ़ रहा है। यह केवल आर्थिक महाशक्ति बनने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक परिपक्वता की कसौटी पर भी स्वयं को सिद्ध करने का अवसर है। यदि हम आज भी असहमति को हिंसा, टकराव और अराजकता के माध्यम से व्यक्त करेंगे, तो लोकतंत्र की आत्मा कमजोर होगी। लोकतंत्र की शक्ति सड़क पर शक्ति-प्रदर्शन में नहीं, बल्कि विचारों की शक्ति, संवाद की संस्कृति और संवैधानिक प्रक्रियाओं में निहित होती है।भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा शांतिपूर्ण और निरस्त्र सभा करने का अधिकार देता है। यह अधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान है। किंतु प्रत्येक अधिकार के साथ कर्तव्य और मयार्दा भी जुड़ी होती है। प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, पुलिस से टकराव करना, हिंसा फैलाना अथवा आम नागरिकों के जीवन को बाधित करना किसी भी दृष्टि से लोकतांत्रिक आचरण नहीं कहा जा सकता। यदि आंदोलन अपनी नैतिक शक्ति खो देता है, तो उसकी मांगें भी समाज की सहानुभूति खो बैठती हैं। यह भी उतना ही सत्य है कि लोकतंत्र केवल जनता के लिए नहीं, बल्कि सरकार के लिए भी उत्तरदायित्व का नाम है। सरकार को भी आंदोलनों को केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मानकर नहीं देखना चाहिए। जब भी किसी वर्ग, विशेषकर युवाओं और छात्रों में असंतोष उत्पन्न हो, तो उसका समय रहते समाधान खोजने का प्रयास होना चाहिए। संवाद के दरवाजे जितनी जल्दी खुलेंगे, टकराव की संभावनाएं उतनी ही कम होंगी। लोकतंत्र में सरकार की सबसे बड़ी शक्ति उसका धैर्य, संवेदनशीलता और संवाद की इच्छा होती है।

इतिहास साक्षी है कि भारत के अधिकांश सफल जनआंदोलन अहिंसा और संवाद की शक्ति से ही सफल हुए हैं। महात्मा गांधी ने विश्व को यह संदेश दिया कि सत्य और अहिंसा सबसे बड़े अस्त्र हैं। वर्ष 2011 का अन्ना हजारे का भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन भी इसका उदाहरण है। लाखों लोग सड़कों पर उतरे, लेकिन आंदोलन का नैतिक बल उसकी शांति और अनुशासन में था। उसी कारण सरकार को संवाद का रास्ता अपनाना पड़ा और पूरे देश में एक सकारात्मक बहस प्रारंभ हुई। इसके विपरीत जहां-जहां आंदोलनों ने हिंसा का मार्ग अपनाया, वहां उनका मूल उद्देश्य पीछे छूट गया और चर्चा केवल हिंसा तक सीमित होकर रह गई। आज सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर ऐसी कौन-सी शक्तियां हैं, जो सामान्य और भोली-भाली जनता एवं देश के युवाओं को हिंसा की ओर धकेल देती हैं? कौन-से तत्व आंदोलनों की दिशा बदलकर उन्हें अराजकता में परिवर्तित कर देते हैं? यह चिंता केवल सरकार की नहीं, पूरे समाज की होनी चाहिए। लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, लेकिन यदि असहमति के मंच पर राष्ट्रविरोधी, अराजक अथवा हिंसक तत्व सक्रिय हो जाएं, तो उन्हें नियंत्रित करना भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का अनिवार्य दायित्व बन जाता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ अराजकता की स्वतंत्रता नहीं हो सकता।

संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंदिर है। जंतर-मंतर लोकतांत्रिक विरोध का प्रतीक स्थल है। यदि इन दोनों के बीच हिंसा, तोड़फोड़ ण्वं अराजकता का दृश्य निर्मित होता है, तो यह केवल राजधानी की घटना नहीं रहती, बल्कि पूरे देश और विश्व के सामने भारतीय लोकतंत्र की छवि को प्रभावित करती है। लोकतंत्र की गरिमा इस बात में नहीं कि कौन अधिक आक्रामक है, बल्कि इस बात में है कि कौन अधिक संयमित और उत्तरदायी है। राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों लोकतंत्र के दो पहिए हैं। यदि दोनों के बीच संवाद समाप्त हो जाएगा, तो लोकतंत्र टकराव का अखाड़ा बन जाएगा। विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं, बल्कि रचनात्मक विकल्प प्रस्तुत करना भी है। उसी प्रकार सरकार का दायित्व केवल शक्ति प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि असहमति को सम्मानपूर्वक सुनना भी है। लोकतंत्र में किसी की पूर्ण विजय या पूर्ण पराजय नहीं होती, यहां अंततः संवाद, सहमति और समाधान ही सबसे बड़ी जीत होती है।

छात्रों और युवाओं की समस्याओं का समाधान भी अत्यंत आवश्यक है। युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा हैं। यदि उनकी आशाओं और अपेक्षाओं की उपेक्षा होगी, तो असंतोष स्वाभाविक रूप से बढ़ेगा। इसलिए सरकार को चाहिए कि वह युवाओं से नियमित संवाद स्थापित करे, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुने और समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए। वहीं युवाओं को भी यह समझना होगा कि हिंसा उनके आंदोलन की सबसे बड़ी शत्रु है। पत्थर और लाठी किसी समस्या का समाधान नहीं करते, वे केवल संवाद के पुलों को तोड़ते हैं। आज आवश्यकता लोकतंत्र को अधिक परिपक्व बनाने की है। हमें ऐसी राजनीतिक संस्कृति विकसित करनी होगी जिसमें विरोध हो, लेकिन वैमनस्य न हो। मतभेद हों, लेकिन मनभेद न हों। संघर्ष हो, लेकिन हिंसा न हो। लोकतंत्र में बहस जितनी प्रखर होगी, राष्ट्र उतना ही मजबूत होगा। किंतु बहस का स्थान यदि हिंसा ले लेगी, तो लोकतंत्र की आत्मा आहत होगी। जंतर-मंतर से संसद तक जो कुछ हुआ, उसे लोकतांत्रिक आदर्श नहीं कहा जा सकता। यह किसी परिपक्व राजनीतिक सोच का भी परिचायक नहीं है। राष्ट्र निर्माण का मार्ग टकराव नहीं, सहयोग है। हिंसा नहीं, सहमति है। उग्रता नहीं, उदारता है। इसलिए आवश्यक है कि सभी पक्ष अपने-अपने आग्रहों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें।

आज देश को ऐसे नेतृत्व और ऐसी जनचेतना की आवश्यकता है जो संवाद को संघर्ष से ऊपर रखे। सरकार उदारता और संवेदनशीलता दिखाए, आंदोलनकारी संयम और अनुशासन अपनाएं तथा राजनीतिक दल अल्पकालिक लाभ के बजाय लोकतंत्र की दीर्घकालिक मजबूती को प्राथमिकता दें। यही भारत की लोकतांत्रिक परंपरा की वास्तविक पहचान भी है और भविष्य की आवश्यकता भी। अंततः यही कामना की जानी चाहिए कि जिन शक्तियों के कारण आंदोलनों में हिंसा और टकराव का वातावरण बनता है, उन्हें सद्बुद्धि प्राप्त हो। सभी पक्ष संवाद की मेज पर बैठें, अपनी बात तर्क, तथ्यों और संवैधानिक मयार्दाओं के साथ रखें तथा समाधान का मार्ग खोजें। लोकतंत्र की सबसे बड़ी विजय किसी पक्ष की जीत नहीं होती, बल्कि वह क्षण होता है जब विरोधी पक्ष भी एक-दूसरे की बात सुनने और समझने के लिए तैयार हो जाते हैं। यही आदर्श लोकतंत्र की पहचान है और यही विकसित भारत की सबसे मजबूत बुनियाद भी है।

**– ललित गर्ग**

# थैंक यू मी लॉर्ड, नयी पीढ़ी से देश का नव परिचय

एक तरफ अपने भविष्य की चिंता, पढ़ाई-रोजगार की अनिश्चितता, घर वालों का दबाव, बेरोजगारी-महंगाई की मार और उस पर सरकार की निष्ठुरता, इसके बावजूद अगर ये नौजवान लाठियां खाकर भी सरकार को जगाने के लिए तीखे नारों के साथ सहज हास्य बोध का परिचय दे रहे हैं, तो यह उनकी जिजीविषा और धैर्य के अद्भुत मिश्रण का कमाल है।

थैंक यू मी लॉर्ड, न आप देश के युवाओं को कॉकरोच कहते, न उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंचती और न कॉकरोच जनता पार्टी जैसा आंदोलन सोशल मीडिया पर खड़ा होता। न्यायपालिका के शिखर पर बैठे मी लॉर्ड ने उम्मीद न की होगी कि तंज और जवाबी तंज के बाद बात इतनी आगे निकल जाएगी। लेकिन अब निकल ही गई है तो एक और बात के लिए मी लॉर्ड और मोदी सरकार को शुक्रिया कहना चाहिए कि इनकी वजह से नयी पीढ़ी से देश का नव परिचय हुआ

जनरेशन गैप यानी पीढ़ियों में अंतर के कारण एक जुमला बरसों-बरस समाज में चलता आया है, हमारे जमाने में तो ऐसा होता था, ये आजकल के बच्चे..., बस इसके आगे जो चाहे संज्ञा, विशेषण, उपमा जोड़ लें और नयी पीढ़ी के तौर-तरीकों को गलत ठहरा दें। लेकिन बच्चों, नौजवानों के मन में क्या है, वे सत्ता, प्रशासन या सामाजिक संस्कारों, मान्यताओं को किस तरह से देख रहे हैं। सोशल मीडिया के जरिए उन्हें दुनिया भर की जो घटनाएं देखने मिल रही हैं, जो जानकारियां उन तक पहुंच रही हैं, उन पर उनकी क्या राय है, यह जानने की कोशिश बहुत कम लोग करते हैं। नयी पीढ़ी के बारे में एक आम धारणा यह बना ली गई है कि इसमें बर्दाश्त की क्षमता कम है, वे बड़ों की बात एक बार में नहीं मान सकते, तर्क-वितर्क करते हैं। सार्थक विमर्श को पलट कर जवाब देना बता कर नयी पीढ़ी को कई बार कटघरे में खड़ा किया गया। गर्म खून है तो गुस्सा नाक पर रहता है, ऐसा भी मान लिया जाता है। लेकिन जंतर-मंतर पर जो अभूतपूर्व धरना-प्रदर्शन देश ने देखा उसने इनमें से कई धारणाओं को ध्वस्त कर दिया। इसलिए मी लॉर्ड और सरकार को शुक्रिया कहना तो बनता ही है।

20 जुलाई को जब देश के अलग-अलग जगहों से आए लोगों ने संसद की तरफ कूच करना चाहा तो जाहिर तौर पर मोदी सरकार ने उन्हें रोकने के इंतजाम किए। आंसू गैस के गोलों से लेकर लाठी चार्ज और बंदूकों का तानना सब किया गया। किसानों के लिए सड़क पर कीलें बिछाई गई थीं, युवाओं के लिए बैरिकेड्स में करंट का इंतजाम हुआ। जय जवान, जय किसान कहने वाले देश की यही सूरत नरेन्द्र मोदी ने बनाई है।

लेकिन जिस तरह किसानों ने साल भर तक अदम्य साहस और धैर्य का परिचय दिया था, वैसा ही धैर्य जंतर-मंतर के प्रदर्शनकारियों ने दिखाया। किसानों में तो सब्र पहले ही कूट-कूट कर भरा होता है, तभी तो बीज बोने से लेकर फसल काटने तक की लंबी, संघर्षपूर्ण प्रक्रिया वे पूरी कर पाते हैं। अब युवाओं ने भी साबित कर दिया है कि सब्र के मामले में वे किसी से कम नहीं हैं। सोशल मीडिया पर ढेर सारे वीडियो देखे जा सकते हैं, जिनमें प्रदर्शनकारियों को बुरी तरह पीटा जा रहा है। किसी को जमीन पर लिटाकर रौंदा गया, किसी के नाजुक अंगों पर प्रहार किया गया। कई प्रदर्शनकारियों की जान पर बन आई, कई भूखे-प्यासे, बिना पैसों के रह गए, लेकिन किसी ने भी न आपा खोया न हौसला खोया। सरकार और पुलिस प्रशासन इस बात से अच्छे से वाकिफ है कि 20 जुलाई को जितनी संख्या में सुरक्षा बल तैनात था, उससे कहीं ज्यादा प्रदर्शनकारी थे। पुलिस हथियारों से लैस थी, लेकिन प्रदर्शनकारी निहत्थे थे। फिर भी अगर वे सब आत्मरक्षा पर उतर आते तो सरकार के लिए मामला गंभीर हो सकता था। प्रदर्शनकारियों ने मार खाकर भी पलट कर हाथ नहीं उठाया। अपने शरीर पर लाठियां खाते रहे, आंसू गैस के गोले फटे तो आंखों में जलन लिए भी एक-दूसरे को संभालते रहे। 1947 से पहले की पीढ़ी जब अंग्रेजों के खिलाफ धरने-प्रदर्शन के लिए उतरती थी, तो कैसा माहौल रहता होगा, ये उन्हें एक बार फिर 2026 में देखने मिल गया। सोशल मीडिया पर रील बनाना, दिनचर्या के कई पलों को इंस्टा स्टोरी की शक्ल देना, फॉलो-अनफॉलो, लाइक-अनलाइक इन सबके आधार पर रिश्तों को परिभाषित करने वाली यह नयी पीढ़ी अपने भीतर गांधी को इस तरह लिए फिरती है, यह बात तो 20 जुलाई को व्यापक तौर पर पता चली। ध्यान देने वाली बात यह है कि यह वही पीढ़ी है जिसने अपने दौर में गोडसे को ही महिमामंडित होते देखा है। जिसने बाबरी मस्जिद का टूटना नहीं देखा, लेकिन राम मंदिर के शिलान्यास से लेकर प्राण प्रतिष्ठा होते तक सब देखा है। ऐसा नहीं है कि इस समय समूची नयी पीढ़ी एकदम धर्मनिरपेक्ष है या संविधान ही उसके लिए सर्वोपरि है। अब भी ऐसे बहुत से नौजवान हैं, जो धर्मोन्माद के जहर को देशभक्ति का असली स्वाद समझते हैं। जिनके लिए जंतर-मंतर पर चल रहे धरने-प्रदर्शन से ज्यादा मायने कांवड़ यात्रा की तैयारी लग रही है। जो मुसलमानों से नफरत भी करते हैं और मोदी के कारण देश को असली आजादी मिली, ऐसा मानते हैं। नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन के 12 सालों में और संघ ने अपने सौ सालों के सफर में समाज को बरगलाने का जो काम किया है, उसका असर तो दिखेगा ही। लेकिन फिर भी जंतर-मंतर से आए दृश्यों ने उस निराशा को दूर करने का काम किया है, जो भाजपा की बार-बार जीत और विपक्ष की लगातार हार के बाद तारी होती जा रही थी। 2024 के चुनावों में भी ऐसी ही उम्मीद बंधी थी, जब इंडिया गठबंधन के बैनर तले विपक्ष का बड़ा और मजबूत मोर्चा तैयार हुआ था। उस दौरान रामलीला मैदान में हुई बड़ी रैली में समूचा विपक्ष एकजुट हुआ था, हालांकि तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कांग्रेस से मतभेद और मनभेद दोनों थे, लेकिन बड़ा मकसद भाजपा को हराना था, लिहाजा सब एक साथ आए। इसका नतीजा भी देखने मिला जिसमें भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला।

**-सर्वमित्रा सुरजन**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 26 जुलाई 2026 रविवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज वृषभ कर्क कन्या वृश्चिक मकर और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। रविवार का दिन साक्षात प्रत्यक्ष देवता भगवान सूर्य नारायण की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन सूर्य देव को तांबे के पात्र से जल में लाल चंदन और लाल पुष्प मिलाकर अर्घ्य देना तथा आदित्य हृदय स्तोत्र का वाचन करना जीवन में असीम तेज आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। सूर्य देव को जल अर्पित करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। आदित्य हृदय स्तोत्र का वाचन करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। सूर्य नारायण जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। सूर्य देव को अर्घ्य समर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर लाल चंदन का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में लाल वस्त्र का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। सूर्य कवच का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। सूर्य गायत्री मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। सूर्य नारायण जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। पक्षियों को अन्न खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी सूर्य मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

रविवार के दिन घर के मुख्य हॉल में पूर्व की दिशा में तांबे के कलश में स्वच्छ जल भरकर स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात सूर्य देव की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# बस ने बुजुर्ग दंपती और नातिन को कुचला, दादा-दादी की मौत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



- नवादा चौराहे पर सड़क पार करते समय हुआ हादसा
- हादसे के बाद हाईवे पर लगा लंबा जाम, चालक बस लेकर फरार

आगरा-दिल्ली हाईवे पर नवादा चौराहे के समीप सड़क पार कर रहे पति-पत्नी और उनकी नातिन को अनियंत्रित रोडवेज बस ने कुचल दिया। पति-पत्नी का सिर बुरी तरह कुचल गया और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद मासूम गंभीर रूप से घायल हो गयी।

फरह थाना क्षेत्र के गांव बेरी निवासी मूलचंद अपनी पत्नी मंजू और पांच वर्ष की नातिन के साथ शुक्रवार सुबह नवादा चौराहे पर पैदल सड़क पार कर दूसरी लेन की ओर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीर मदद के लिए दौड़ पड़े। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। हादसे के चलते आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही थाना हाईवे पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैफिक को सुचारू कराया। वहीं, गंभीर रूप से घायल बच्चे को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी हाईवे प्रशांत कपिल ने बताया कि हादसे के बाद रोडवेज बस का चालक मौके से बस लेकर फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह मजदूर पति-पत्नी अपनी नातिन के साथ सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार बस की चपेट में आ गए। फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# ब्रज संगीत विद्यापीठ की कार्य समिति की बैठक में महत्त्वपूर्ण निर्णय

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



ब्रज संगीत विद्यापीठ मथुरा की कार्य समिति की एक आवश्यक बैठक का आयोजन ब्रजधाम के मीटिंग हॉल में किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यापीठ के कुलपति एवं अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कृष्ण अग्रवाल ने की। मंगलाचरण के बाद विगत बैठक की कार्यवाही सचिव राजरानी अग्रवाल द्वारा पढ़ी गई एवं अध्यक्ष द्वारा उसकी संपुष्टि की गई।

बैठक में ब्रज संगीत विद्यापीठ एवं ब्रज संगीत विद्यालय के कार्यों के संबंध में कुलपति एवं अध्यक्ष डॉ. अग्रवाल ने बताया कि ध्रुपद धमार, मंदिर संगीत, रासलीला संगीत जैसी दुर्लभ होती जा रही विधाओं के संरक्षण-संवर्धन एवं प्रचार प्रसार सहित शिक्षण-प्रशिक्षण हेतु ब्रज संगीत विद्यापीठ की स्थापना कर देशभर में परीक्षा केन्द्र बनाए गए और दूसरी ओर ध्रुपद विद्यालय की स्थापना की गई जिसे बाद में ब्रज संगीत विद्यालय नाम दे दिया गया। विद्यापीठ का कार्य क्षेत्र देशभर में परीक्षा केंद्रों की स्थापना कर देशव्यापी बन गया और विद्यालय के माध्यम से शास्त्रीय संगीत और मंदिर संगीत, रासलीला संगीत तथा विविध लोक विधाओं आदि के लिए छात्र-छात्राओं को तैयार किया जाने लगा। विद्यापीठ की इस वृहद् योजना से प्रभावित होकर श्री मोतीलाल शोरावाला चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा इस हेतु लगभग एक एकड़ का भूमिखंड संस्था को दान कर दिया गया जिस पर अब एक लगभग छः सौ सीट्स का वातानुकूलित प्रेक्षागृह सहित प्रदर्शनी कक्ष, मीटिंग हॉल, पुस्तकालय एवं ऑफिस आदि बन चुके हैं। बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिया गया कि विद्यापीठ के पंजीकरण के नवीनीकरण के कार्य को कॉर्डिनेटर विष्णुप्रकाश गोयल ने पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। ब्रज संगीत विद्यापीठ के सुचारु संचालन हेतु निश्चय हुआ कि रजिस्ट्रार पद के लिए अपने ही सदस्यों में से किसी का चयन कर लें तो उत्तम रहेगा। मानद संगीत महोपाध्याय हेतु कलाकारों के अतिरिक्त संगीत की किसी विशेष विधा में शोधकार्य अथवा ग्रन्थ-रचना करने वाले महानुभावों को सम्मानित करने पर निश्चय हुआ कि इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं है। इससे विद्यापीठ का मान ही बढ़ता है। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सचिव राजरानी अग्रवाल ने किया। बैठक में डॉ. राजेंद्र कृष्ण अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद बंसल, दीपक गोयल, वीरेंद्र गोयल, विष्णु प्रकाश गोयल, विजय कुमार अग्रवाल, डॉ. डी. डी. गर्ग, विकास गोयल, मुकेश सर्राफ, शालिनी शर्मा, उमा शर्मा, डॉ. वर्तिका किशोर, सुनीता अग्रवाल और रितिका गुप्ता की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# मुड़िया पूर्णिमा मेले को लेकर रेलवे अलर्ट

## मथुरा जंक्शन पर 450 पुलिसकर्मी तैनात

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

मुड़िया पूर्णिमा मेले को लेकर शासन और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम पूरे कर लिए हैं। मेले में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए रेलवे स्टेशनों पर भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। ट्रेनों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए जीआरपी और आरपीएफ पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग आगरा अनिल कुमार झा और क्षेत्राधिकारी जीआरपी राजेश दीक्षित मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व पुलिसकर्मियों की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रेलवे अनिल कुमार झा ने बताया कि 24 जुलाई से 30 जुलाई तक मुड़िया पूर्णिमा मेले के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ रहने की संभावना है। इसे देखते हुए मथुरा जंक्शन सहित रेलवे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को दो जोन में विभाजित किया गया है, जहां हर गतिविधि पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में 450 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों और लावारिस सामान पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों का उद्देश्य है कि मुड़िया पूर्णिमा मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके।

## 27 को निकलेगी भव्य गो सम्मान शोभायात्रा

**टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।** गौ माता को राष्ट्रमाता का सम्मान प्रदान कराने, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध तथा केन्द्रीय गो संरक्षण कानून की मांग को लेकर गो सम्मान आह्वान अभियान के अन्तर्गत 27 जुलाई को मथुरा में विशाल शोभा यात्रा एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिये सभी गौ भक्त एवं कार्यकर्ता प्रातः आठ बजे से बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज मथुरा के मैदान पर एकत्र होंगे। भव्य शोभा यात्रा होली गेट से आरंभ होकर बी.एन पोद्दार इंटर कालेज पहुंचेगी तथा वहां से कलेक्ट्रेट जाकर सम्पूर्ण जनपद से एकत्रित हस्ताक्षरयुक्त महामहिम राष्ट्रपति महोदया, माननीय प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जायेगा। अभियान समिति ने जिले के सभी साधु संतों, गोसेवकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारी बन्धुओं, युवाओं, मातृशक्ति एवं आम नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# गांवों के सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज से पढ़ रहे बच्चे



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- एआरपी ने मेघपुर के प्राइमरी स्कूल का किया निरीक्षण, स्मार्ट क्लासेज से पढ़ाई जा रही थी क्लास

रास्ते कीचड़ भरे...स्कूल में स्मार्ट क्लास। विषम परिस्थितियों के बीच नौनिहाल अपने भविष्य को अपने भविष्य को गढ़ रहे हैं। बीते दिन एआरपी मोहित राजपूत ने फरह के रिमोट गांव मेघपुर के प्राइमरी स्कूल को देखा। बच्चे स्मार्ट क्लास का आनंद ले रहे थे।कक्षा में अध्यापिका उचित टीएलएम का प्रयोग कर रही थी। एआरपी ने अध्याप डायरी, टाइम टेबल, हैंड्स बुक और छात्रों की शैक्षिक गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रधानाध्यापिका रेखा कश्यप की अगुआई में विद्यालय अग्रसर है। छात्र नामांकन भी 32 से बढ़कर 56 पहुंचा है। विद्यालय में हरियाली भी छितरा रही थी। एआरपी ने निपुण के तहत बच्चों का ज्ञान भी परखा । उन्होंने बताया कि बच्चों का सतर सामान्य से ठीक मिला है। प्रधानाध्यापिका रेखा कश्यप ने बताया कि विद्यालय में गांव प्रधान की ओर से कोई सहयोग नहीं रहा। उन्होंने खुद के खर्च पर स्कूल में महिला नौकरानी को लगाया है। इस मौके पर मर्जित विद्यालय बेगमपुर के हेड मफरूक अहमद भी मौजूद थे।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला नेतृत्व में परिवर्तन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार तिवारी एवं प्रदेश महामंत्री उमाशंकर सिंह द्वारा घोषित की गई है। कार्यकारिणी में धर्म सिंह जिला कोषाध्यक्ष,विजय कुमार शर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष,अनुपम शर्मा जिला संयुक्त मंत्री,धर्मेन्द्र प्रसाद भारद्वाज ,आशुतोष उपाध्याय,हरिकांत शर्मा,अविनाश शुक्ला,निशा शर्मा जिला उपाध्यक्ष,प्रेम किशोर शर्मा,संजय चिंकारा,डा नेहा अग्रवाल, अर्चना चौधरी,सुरेश चौधरी जिला संगठन मंत्री,मो ताहिर,राम कुमार, गोपाल गौतम, अनीता चौधरी ,मुरारी लाल उपाध्याय जिला प्रचार मंत्री और श्याम सुन्दर कौशिक जिला आय व्यय निरीक्षक घोषित हुए। संगठन के कार्यों में गति लाने के उद्देश्य से जनपद मथुरा की नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया ।

मुकुल कान्त उपाध्याय व मनोज चौधरी ने कहा कि जनपद में निष्क्रिय संगठन को सक्रिय करके पुनः स्थापित किया गया है। कार्यकारिणी में चुने जाने पर कुलदीप सारस्वत, डोरीलाल शर्मा जिलाध्यक्ष ए आर पी संघ, सुषमा तिवारी, महिमा जालान, राकेश सारस्वत, विनय उपाध्याय, भावना भटनागर , हरविंदर सिह, लता शर्मा,नरेश कुमार, रेणुका पौरुष, राधा अग्रवाल ,कृष्ण गोपाल शर्मा ,मुकेश चाहर, साहब सिंह, पद्मावती, राहुल अग्रवाल, भगवती दिवाकर मनोज गौतम, यशवेंद्र चौधरी, योगेन्द्र सिंह ,आकाश गुप्ता आदि ने हर्ष व्यक्त किया ।

# ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में देव शयनी एकादशी पर होंगे आयोजन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

देव शयनी एकादशी 25 जुलाई को ठाकुर द्वारकाधीश जी महाराज का राज दरबार मनोरथ एवं भव्य फूल बंगला आयोजन होगा। पुष्टिमार्ग संप्रदाय के प्रसिद्ध मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश जी महाराज के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज की आज्ञा अनुसार सभी कार्यक्रमों का निर्धारण होता है। इसी क्रम में देवशयनी एकादशी के अवसर पर भगवान द्वारकाधीश जी का भव्य राजदरबार मनोरथ एवं मनमोहक फूल बंगला सजाया जाएगा। इस मनोरथ का समय सायंकाल 6.30 बजे से रात्रि 8 बजे तक रहेगा। मंदिर प्रबंधन ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से उपस्थित होकर दर्शन का लाभ उठाये और पुण्य के भागी बनें। इस भव्य कार्यक्रम के मनोरथी श्री माथुर चतुर्वेद परिषद एवं अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के मुख्य संरक्षक महेश पाठक हैं। वे अपना जन्मदिवस सदैव भगवान श्री द्वारकाधीश जी महाराज के सानिध्य में ही मनाते हैं।

# पार्षद रचना पाठक ने वार्ड 61 के विकास को लेकर नगर आयुक्त से मिलीं, उठाईं कई अहम मांगें

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



मथुरा-वृंदावन नगर निगम में वार्ड 61 की पार्षद रचना रामकिशन पाठक ने नगर आयुक्त ओजस्वी राज से शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। पार्षद ने शहर के धार्मिक और मूलभूत ढांचे से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव नगर आयुक्त के समक्ष रखे।

पार्षद ने कृष्ण जन्माष्टमी और यमद्वितीया को राजकीय मेला घोषित करने का प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार को भेजने की मांग की। इसके साथ ही शहर में बढ़ती बंदरों की समस्या पर प्रभावी कार्यवाही होली गेट पुलिया के पुनर्निर्माण और हरिगुरु पार्क में सभागार निर्माण की आवश्यकता भी प्रमुखता से उठाई। चातुर्मास मेले को ध्यान में रखते हुए द्वारकाधीश पैदल मार्ग पर पेचवर्क कराने की मांग की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

वहीं पूरे वार्ड 61 में एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सड़कों और नालियों के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा गया। इसके अलावा पार्षद ने सीवर और पानी लाइन के नए कनेक्शन विभिन्न मोहल्लों में आरओ प्लांट और 4-4 इंच के सबमर्सिबल पंप लगवाने तथा वंचित क्षेत्रों में गंगाजल सप्लाई सुनिश्चित करने की मांग भी नगर आयुक्त के समक्ष रखी। वार्ता के दौरान पार्षद प्रतिनिधि ने कहा कि चौबिया पाड़ा व वार्ड 61 धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। नवागत नगर आयुक्त से आग्रह किया गया कि जनहित की इन सभी मांगों पर जल्द से जल्द संज्ञान लेकर निस्तारण कराया जाए ताकि क्षेत्रीय जनता को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके।

नगर आयुक्त ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

# कॉलेज संचालक और छात्र इंटर्नशिप को लेकर परेशान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फरह।

- कॉलेज वालो को टहलाया जा रहा
- स्टूडेंट्स की चॉइस को हटाकर डाइट ने भरी थी अपनी चॉइस

डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए जनपद में इंटर्नशिप गले की हड्डी बनती जा रही है। इसके कारण स्टूडेंट्स भी ड्रॉपआउट हो रहे हैं। डाइट पर न तो कोई छात्रों की सुनने वाला है न कॉलेज वालो की।

द्विवर्षीय पाठ्यक्रम डीएलएड शिक्षण प्रशिक्षण कोर्स है। प्राइमरी में शिक्षक बनने के लिए युवाओं को यह पाठ्यक्रम करना होता है। लंबे समय से वेकेंसी न आने के कारण इस कोर्स के प्रति युवाओं में मोह भंग होता जा रहा है। कॉलेज संचालकों के प्रयासों से जो भी एडमिशन हो रहे हैं, डाइट की निरंकुशता और हठधर्मिता के कारण वे भी कम होते जा रहे हैं। जनपद में इंटर्नशिप एक बड़ा मुद्दा बन गई है। कॉलेज संचालकों का कहना है को इस बार फर्स्ट सेमेस्टर के छात्रों के लिए इंटर्नशिप कराई जा रही है। छात्रों की ओर से भरे विकल्प दरकिनार कर डाइट ने अपने विकल्प दे दिए। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि पसंद वाले स्कूलों में प्रशिक्षुओं के लिए जगह नहीं बची है।

जबकि कई स्कूल तो अभी भी प्रशिक्षु विहीन है, जो विकल्प में भरे गए थे। सूत्रों का कहना है कि यह सब योजनबद्ध तरीके से किया गया है। बैकडोर से स्कूल बदले गए हैं। बताते चले 2024 में डाइट की जिद 1300 स्टूडेंट्स पर भारी पड़ी थी। उनकी इंटर्नशिप नहीं हो पाई थी।

# 101 लाडली वन स्थापना को लेकर आज होगी विशेष कार्यशाला

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

जनपद मथुरा में परिषदीय विद्यालयों में फर्नीचर की उपलब्धता और वृहद वृक्षारोपण अभियान 2026 के अंतर्गत 101 लाडली वन की स्थापना के क्रम में ग्राम पंचायतों को बाल मैत्रिक एवं हरित ग्राम बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

इस सिलसिले में आज शनिवार 25 जुलाई को प्रातः 11 बजे पांचजन्य सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला पंचायती राज, ग्राम्य विकास, वन, उद्यान एवं बेसिक शिक्षा विभाग के समन्वय से आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद श्रीमती हेमा मालिनी के साथ-साथ जनपद के समस्त माननीय विधायकगण एवं विधान परिषद सदस्यों को आमंत्रण पत्र प्रेषित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रशासक, सचिव, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) और खंड विकास अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

# बाजना बिजली घर पर धरने पर बैठे किसान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, बाजना।

क्षेत्र में बिजली विभाग की घोर लापरवाही और लगातार बनी समस्याओं के खिलाफ बाजना बिजली घर पर एक धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और किसान शामिल हुए, जिन्होंने बिजली व्यवस्था के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। किसानों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पहुंचे नौहझील एसडीओ ने किसानों से वार्ता की और तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह का समय मांगते हुए आश्वासन दिया कि किसानों की सभी मांगें एक सप्ताह से पहले ही पूरी कर दी जाएंगी। धरने के दौरान किसानों और क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्य रूप से निम्नलिखित मांगें रखी गईं।अनियमित विद्युत आपूर्ति किसानों को खेती-किसानी के लिए पूर्ण रूप से बिजली न मिल पाने की समस्या का तुरंत समाधान किया जाए।33 केवी लाइन का बदलाव खैर से बाजना के लिए आ रही जर्जर 33 केवी की लाइन को पूरी तरह बदलकर नई लाइन डालने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र के कई प्रमुख किसान नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं। चौ,करुआ सिंह, डॉ. चेतन नौवार, सोनू प्रधान, अजय सरपंच, लोकेश सरपंच, रवि कुमार, अनुज सागर, विवेक चौधरी आदि अधिकारियों द्वारा एक सप्ताह के भीतर समस्याओं का समाधान करने का लिखित व मौखिक आश्वासन मिलने के बाद धरना समाप्त किया गया।

# मंडी चौराहा से सौंख रोड तक निगम ने हटाया अतिक्रमण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेले के दूसरे दिन भी नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरी रफ्तार से जारी रहा। श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम की टीम ने मंडी चौराहे से सौंख-गोवर्धन जाने वाले क्षेत्र में सड़क के आसपास किए गए अस्थायी एवं अवैध अतिक्रमणों को हटाते हुए कड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान निगम की सख्ती देख अतिक्रमणकारियों की नींद उड़ गई और मौके पर हड़कंप की स्थिति बनी रही। नगर निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी और प्रवर्तन टीम ने सड़क किनारे लगाए गए अवैध ठेले, टीन-शेड, अस्थायी निर्माण और अन्य बाधाओं को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। अभियान के दौरान नोयडा से विशेष ड्यूटी पर आई अपर पुलिस अधीक्षक स्नेहा लता एवं नगर निगम के अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह के अनुसार मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। यदि अतिक्रमणकारियों ने दोबारा कब्जा करने की कोशिश की तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हनुमान बने दीपक शर्मा का अनशन समाप्त, नालों की टैपिंग का मिला भरोसा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

वृंदावन यमुना नदी में गिर रहे गंदे नालों को रोकने की मांग को लेकर बिहार घाट पर छह दिनों से चल रहा समाजसेवी दीपक शर्मा का अनशन शुक्रवार को समाप्त हो गया। सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा और एसडीएम राजकुमार चौधरी ने धरना स्थल पर पहुंचकर उनकी मांगे पूरी करने का आश्वासन देकर अनशन खत्म कराया। अधिकारियों ने सभी मांगों को जायज ठहराते हुए त्वरित समाधान वाले मुद्दों पर तुरंत कार्रवाई शुरू करने का भरोसा दिया। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि नालों की टैपिंग जैसे बड़े और दीर्घकालिक कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए संबंधित विभागों के साथ बैठक कर नियमानुसार ठोस निस्तारण निकाला जाएगा। दीपक शर्मा ने कहा कि मां यमुना हमारी आस्था और जीवन रेखा हैं, उनकी शुचिता और प्रदूषण मुक्ति सबसे अहम है। गौरतलब है कि दीपक ने यमुना प्रदूषण मुक्ति के लिए अपने अनशन की शुरूआत हनुमान का वेश रखकर की थी।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंडल आयुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।




मुख्यमंत्री उ.प्र. शासन योगी आदित्यनाथ जी के दि. 26 जुलाई को जनपद भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर आयुक्त आगरा मंडल आगरा नगेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम स्थल पं. जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पहुंच तैयारी का स्थलीय निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण, अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण करायी जाएं, सभी तैयारियां निर्धारित मानक के अनुसार हों, टेंट, हेलीपैड, जनसभा स्थल, स्विस कॉटेज पर मानकों के अनुसार तैयारियां की जाएं, अधिशासी अभियंता विद्युत सुरक्षा, विद्युत सम्बन्धी सुरक्षा की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, अग्निशमन अधिकारी पूरे कार्यक्रम स्थल पर फायर सुरक्षा उपकरणों की जांच करें। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने वाले सभी रास्ते साफ-सुथरे रहें, जल-निकासी के उचित प्रबन्ध किये जाएं, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर कार्यक्रम परिसर, कार्यक्रम स्थल की ओर जाने वाले सभी मार्गों की सफाई कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था रहे, नगर निकायों में उपलब्ध पानी के टैंकर, अस्थाई शौचालय कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल, मुख्य चौराहों पर खड़े कराए जाएं, कार्यक्रम में आने वाले विशिष्ट अतिथियों, लाभार्थियों, छात्र-छात्राओं, आमजन के वाहनों हेतु पार्किंग का स्थल चिन्हित कर बेहतर व्यवस्था की जाए, किसी भी दशा में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, सुनिश्चित किया जाए, कार्यक्रम में जिन लाभार्थियों को मा. मुख्यमंत्री द्वारा लाभान्वित किया जाना है, उनकी सूची अपडेट कर लाभार्थियों को निर्धारित स्थान पर बैठाया जाये ताकि वितरण के दौरान किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कार्यक्रम स्थल पर ही मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम को संपन्न कराने हेतु तैनात अधिकारियों की ब्रीफिंग करते हुए कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी आपस में समन्वय स्थापित कर टीम भावना के साथ वितरण, जनसभा कार्यक्रम को कुशलता के साथ संपन्न कराने में अपना योगदान दें, कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखें, जिस मजिस्ट्रेट, अधिकारी की ड्यूटी जिस स्थान पर लगाई गई है, वह वहां तैनात रहकर अपनी कार्य-कुशलता, क्षमता का प्रयोग कर सभी गतिविधियों को सकुशल संपन्न करायें, कार्यक्रम के दौरान अनुशासन बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए ड्यूटी पर तैनात अधिकारी सतर्क रहकर कार्य करें यदि कहीं भी किसी प्रकार की समस्या दिखे तो तत्काल अपने स्तर से उसका समाधान करें। उन्होंने परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए., जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, परियोजना अधिकारी नेडा को आदेशित करते हुए कहा कि विभाग की जिन योजनाओं में लाभार्थियों, छात्रों को लाभान्वित किया जाना है, उनकी कार्यक्रम स्थल पर समय से उपस्थिति सुनिश्चित करायें। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण से कहा कि कार्यक्रम स्थल पर जिन कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास होना है, उनकी शिला-पट्टिकाएं तत्काल तैयार कर कार्यक्रम स्थल पर लगाना सुनिश्चित करें।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, अपर जिलाधिकारी श्यामलता आनन्द, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर, करहल, श्याम प्रताप सिंह, सुनिष्ठा सिंह, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण ए.के. अरूण, डालचन्द भूकेश, धनुषधारी, अधिशाषी अभियंता विद्युत अनिल वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सिद्धार्थ यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी साधना सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# करहल तहसील में लेखपालों को नम आंखों से दी गई विदाई, बोले-दोबारा मौका मिला तो फिर यहीं करेंगे सेवा



टीएनएफ टुडे, करहल।

करहल तहसील में स्थानांतरण के उपरांत शुक्रवार को लेखपाल कर्णवीर सिंह, निशा एवं अवनीश का भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में तहसील के लेखपालों, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों ने पुष्पमालाएं पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर तीनों अधिकारियों को नम आंखों से विदाई दी।

इस अवसर पर वक्ताओं ने तीनों लेखपालों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का ईमानदारी, निष्पक्षता और समर्पण के साथ निर्वहन किया। उनके व्यवहार और कार्यशैली की सभी ने प्रशंसा की।

विदाई समारोह के दौरान लेखपाल कर्णवीर सिंह, निशा और अवनीश ने कहा कि करहल तहसील में उनका कार्यकाल बेहद यादगार और शानदार रहा। यहां उन्हें अधिकारियों, सहकर्मियों और क्षेत्र की जनता का भरपूर सहयोग और स्नेह मिला। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि यदि भविष्य में दोबारा अवसर मिला तो वह अपनी पहली पसंद के रूप में करहल तहसील को ही चुनेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि लगभग 10 वर्षों के कार्यकाल में किसी भी पक्ष द्वारा उन पर कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाया गया, जो उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि और सम्मान की बात है।

# पर्यटन मंत्री का दो दिवसीय दौरा आज से

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह 02 दिवसीय दौरे पर जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी दि. 25 जुलाई को प्रातः 09.15 बजे से पुलिस लाइन के सामने ट्रॉजिट हॉस्टल में जन-सुनवाई करेंगे, अपरान्ह 01.10 बजे मा. मुख्यमंत्री जी के जनपद आगमन की तैयारियों के सम्बन्ध में कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करेंगे, अपरान्ह 02.40 बजे पं. जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में मुख्यमंत्री जी के आगमन की तैयारियों के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण करने के उपरांत अपरान्ह 03 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

पर्यटन मंत्री दि. 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे हेलीपैड निकट जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम पहुंचेंगे, दोपहर 12.25 बजे मा. मुख्यमंत्री जी का स्वागत करेंगे, दोपहर 12.30 बजे जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के उपरांत अपरान्ह 02.45 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

# 2027 में सपा की आएगी सुनामी और अखिलेश यादव बनेंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री- प्रधान रामबाबू यादव

टीएनएफ टुडे, करहल।



कस्बे में पशु चिकित्सालय के सामने शुक्रवार को एक नए प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान रामबाबू यादव ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजकों ने प्रधान रामबाबू यादव का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया।

इस अवसर पर प्रधान रामबाबू यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से परेशान है। उनका दावा था कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की "सुनामी" आएगी और प्रदेश में बदलाव देखने को मिलेगा।

उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग एवं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विकास यादव, अनुज यादव, अभिषेक यादव, ओमवीर सिंह यादव, हर्ष यादव (लवी) सहित अनेक गणमान्य लोगों ने सहभागिता की और प्रतिष्ठान संचालक को शुभकामनाएं दीं।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य 27 की करेगी जनसुनवाई

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि दि. 25 जुलाई को सदस्य उ.प्र. राज्य महिला अयोग रेनू गोड़ का महिला जन-सुनवाई कार्यक्रम कतिपय कारणों से निरस्त किया गया है, अब सदस्य महिला आयोग द्वारा दि. 27 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से जन-सुनवाई कार्यक्रम नियत किया गया है।

उन्होने समस्त विभागों के अधिकारियों को आवश्यक सूचनाओं सहित बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को कहा है, बैठक में महिला उत्पीड़न संबंधी मामलों की समीक्षा भी की जाएगी।



# विश्व कल्याण की प्रार्थना के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान में उमड़े श्रद्धालु

टीएनएफ टुडे, करहल।

जैन भवन नसिया जी में नौ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान के तहत शुक्रवार को विश्व शांति की कामना के साथ भगवान श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न कराई गई। ब्रह्मचारी तरुण ने मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं से पूजन करवाया।

इसके उपरांत सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने सिद्ध भगवंतों की आराधना करते हुए बत्तीस अर्घ्य अर्पित किए और सिद्ध भगवान को नमन किया।

ब्रह्मचारी तरुण ने इस अवसर पर कहा कि सिद्ध भगवान का स्मरण और विधान करने से आत्मा पर चढ़े आठ कर्मों का क्षय होता है। उन्होंने बताया कि श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विधान करने वाला व्यक्ति निरोगी जीवन की ओर अग्रसर होता है और आत्मा से परमात्मा बनने के मार्ग को प्रशस्त करने का प्रयास करता है।

इस विधान में पंकज जैन रपरिया, शुभ जैन, दिलीप जैन, अवनीश जैन, कंचन जैन, रूपल जैन, लवली जैन, सारिका जैन, पलक जैन, आयुषी जैन और रितिक जैन सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आईआईटी पटना से परास्नातक कर देवमणि तिवारी ने बढ़ाया मैनपुरी का मान



टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

शहर की पंजाबी कॉलोनी, गली नंबर-3 निवासी स्वर्गीय श्री रामबाबू तिवारी (पूर्व प्रधानाचार्य) के पौत्र देवमणि तिवारी ने आईआईटी पटना से उत्कृष्ट वरीयता के साथ परास्नातक (एम.टेक.) उपाधि प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया है।

देवमणि की यह उपलब्धि उनके शैक्षणिक सफर का एक और स्वर्णिम अध्याय है। इससे पहले उन्होंने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ से भी श्रेष्ठ वरीयता के साथ स्नातक उपाधि अर्जित की थी।

देवमणि एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं सामाजिक परिवार से संबंध रखते हैं। उनके बाबा स्वर्गीय श्री रामबाबू तिवारी पूर्व प्रधानाचार्य के रूप में समाज में सम्मानित रहे हैं। वहीं उनके पिता डॉ. अजय तिवारी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। लगातार दो वर्षों तक 13 अगस्त को लाल किले पर आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल में प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में भाषण देने का गौरव भी उन्हें प्राप्त हुआ है।

देवमणि तिवारी अपनी मेहनत, प्रतिभा और लगन से परिवार की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शहरवासियों, शिक्षाविदों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# कावर यात्रा के दौरान रूट डायवर्जन व्यवस्था होगी लागू

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

- पुलिस ने तैयार किया डायवर्जन रूट चार्ट
- 30जुलाई से 28अगस्त तक लागू रहेगी व्यवस्था

सावन मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां की हैं, कावड़ियों को जाम आदि की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए वाहनों के संचालन के लिए रूट डायवर्जन व्यवस्था लागू की जाएगी पुलिस ने रूट प्लान तैयार किया है जो 30जुलाई से 28अगस्त तक लागू रहेगा। एसपी ने अधीनस्थों को डायवर्जन प्लान का कड़ाई से पालन कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

श्रावण मास पर्व के अवसर पर कॉवड यात्रा 30.जुलाई से प्रारंभ होकर 28आगस्त तक तक जारी रहेगी। इस पर्व पर सरहदी जनपदों,राज्यों से भारी संख्या में कांवड़ियों द्वारा थाना सोरों क्षेत्रांतर्गत लहरा गंगा घाट व कछला गंगा घाट से गंगा जल ले जाकर शिव मन्दिरों में जलाभिषेक किया जाता है। इस दौरान सार्वजनिक यातायात बाधित होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के लिये

जनपद एटा से बदायूं बरेली की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहनों को सौरभ ढाबा एटा रोड से डायवर्ट कर अमरपुर घाट बाईपास से मण्डी तिराहा कासगंज से सहावर, गंजडुण्डवारा क्षेत्र होते हुए कादरगंज गंगा पुल से जनपद बदायूं की सीमा में प्रवेश करेंगे। जबकि, हाथरस से बदायूं बरेली की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहनों को नदरई तिराहा से सौरभ ढाबा एटा रोड से डायवर्ट कर अमरपुर घाट बाईपास से मण्डी तिराहा कासगंज से सहावर, गंजडुण्डवारा, क्षेत्र होते हुए कादरगंज गंगा पुल से जनपद बदायूं की सीमा में प्रवेश करेंगे। वहीं,अलीगढ़ से बदायूं बरेली की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहनों को हजारा नहर पुल से मामों बाईपास से गोरहा नहर पुल से डायवर्ट कर सहावर, गंजडुण्डवारा, क्षेत्र होते हुए कादरगंज गंगा पुल से जनपद बदायूं की सीमा में प्रवेश करेंगे। जबकि कछला गंगा घाट से जनपद कासगंज की ओर आने वाले समस्त प्रकार के वाहनों को दुपहिया मोड़ नगरिया थाना सोरों से डायवर्ट कर कस्बा याकूतगंज से सहावर से अमांपुर कासगंज होते हुए अपने-अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेगें।

सोरों की तरफ से बरेली बदायूं की तरफ जाने वाले समस्त प्रकार के वाहनों को पुलिस चौकी नगरिया से पहले नगरिया तिराहा से सहबाजपुर होते हुए कादरगंज गंगा पुल से जनपद बदायूं की सीमा में प्रवेश करेंगे।

बदायूं की तरफ से कादरगंज गंगा पुल से आने वाले भारी वाहनों को तरसी तिराहे से पटियाली से सिढ़पुरा होते हुए अपने-अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेगें।

# अलीगंज काशीराम कॉलोनी में बवाल, महिला समेत पूरे परिवार पर धावा

टीएनएफ टुडे, अलीगंज।

एटा के अलीगंज कस्बे में दो समुदायों के बीच तनाव भड़काने वाली घटना सामने आई है। काशीराम कॉलोनी में एक महिला ने आरोप लगाया है कि दूसरे समुदाय के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने उसके परिवार को घेरकर हमला बोल दिया। महिला, उसका बेटा और देवर मारपीट में घायल हुए हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपी खुलेआम जान से मारने की धमकी देकर चले गए, जिससे पूरा परिवार दहशत में है।

पीड़िता सम्पत देवी ने थाना अलीगंज में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपने बेटे ओमशिव गुप्ता और देवर लखन गुप्ता के साथ घर के बाहर खड़ी थीं। तभी अनवार, गफ्फार और अन्य लोग एक राय होकर पहुंचे। पहले गाली-गलौज की और फिर देखते ही देखते परिवार पर हमला कर दिया। बचाने आए बेटे और देवर को भी बेरहमी से पीटा गया। महिला के चेहरे सहित तीनों को चोटें आई हैं।

पीड़िता का आरोप है कि हमलावर जाते-जाते पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिवार का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है, बल्कि पहले भी कई बार इसी तरह हमला और धमकियां दी जा चुकी हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।

घटना के बाद काशीराम कॉलोनी में तनाव का माहौल है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से सुरक्षा और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। इस मामले में क्षेत्राधिकारी से बात की तो उन्होंने कहा मामला संज्ञान में नहीं है।जल्द ही जानकारी लेकर आगे की विधि कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 को जिले में

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

मुख्यमंत्री उ.प्र. शासन योगी आदित्यनाथ दि. 26 जुलाई को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं। मा. मुख्यमंत्री जी दोपहर 12.25 बजे जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे तद्ोपरांत दोपहर 12.30 बजे विधान सभा क्षेत्र मैनपुरी, करहल के विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास एवं जनसभा को सम्बोधित करेंगे, अपरान्ह 02.35 बजे जनपद इटावा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एकअभियुक्त को अवैध तमंचा सहित किया गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, सिरसागंज।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखविर खास की सूचना पर एक अभियुक्त विक्की उर्फ ढेढा पुत्र अरविन्द्र निवासी गिहार कालोनी थाना सिरसागंज को एक अवैध तंमचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0 380/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है । अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम -प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह -उ0नि0 उ0नि0 विरेन्द्र कुमार .का0 मनीष कुमार

# मैनपुरी में अभ्युदय योजना के तहत अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती, 31 तक करें आवेदन

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि प्रमुख सचिव समाज कल्याण उ.प्र. शासन के पत्र के क्रम में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनांतर्गत शैक्षिक-सत्र 2026-27 हेतु जनपद स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सेवा,नीट, एस.एस.सी. इत्यादि हेतु प्रतिभाशाली तथा उत्साही विद्यार्थियों को निःशुल्क साक्षात प्रशिक्षण, सलाह प्रदान किये जाने के लिए अध्यापन कार्य हेतु योग्य, अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याताओं की सेवाएं अतिथि व्याख्याता के रूप में ली जाएँगी। उन्होने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय संबंध, समसामयिकी, उप्र विशेष, विज्ञान प्रौद्योगिकी, भूगोल, पर्यावरण पारिस्थितिकी, आंतरिक सुरक्षा, नीति शास्त्र, समाज, सी-सैट हेतु सिविल सेवा तथा पी.सी.एस. के लिए विश्वविद्यालय, राजकीय डिग्री कॉलेजों के शिक्षक तथा संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा अथवा पी.सी.एस. साक्षात्कार, दो बार पी.सी.एस. मुख्य परीक्षा में शामिल अभ्यार्थी अथवा किसी प्रतिष्ठित निजी कोचिंग संस्थान में 03 वर्ष का अनुभव वाले अतिथि व्याख्याताओं के रूप में चयनित किये जाएंगे, सामान्य हिंदी के अध्यापन के लिए अतिथि व्याख्याता के लिए संबंधित विषय में परास्नातक की डिग्री तथा अध्यापन का अनुभव होना आवश्यक होगा। उन्होने बताया कि एस.एस.सी. अंग्रेजी सामान्य हेतु अंग्रेजी के अध्यापन के लिए अतिथि व्याख्याता के लिए संबंधित विषय में परास्नातक की डिग्री तथा अध्यापन का अनुभव होना आवश्यक होगा, उक्त पाठ्यक्रमों में अध्यापन कार्य हेतु योग्य एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञों, प्रवक्ताओं, व्याख्याताओं का चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समति की अनुशंसा से परीक्षण व्याख्यान, ट्रायल लेक्चर के उपरांत परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण हेतु सूचीबद्ध किया जायेगा।

उन्होने बताया कि व्याख्यान के लिए आमंत्रित किये जाने वाले विषय विशेषज्ञों, प्रवक्ताओं, व्याख्याताओं को प्रति व्याख्यान दर रू. 02 हजार अथवा कार्मिक विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेश में निर्धारित प्रविधानों के अनुरूप मानदेय का भुगतान किया जायेगा, एक व्याख्यान की अवधि 90 मिनट होगी, अतिथि व्याख्याता को प्रतिमाह अधिकतम 30 व्याख्यान अनुमन्य होंगे। इच्छुक विषय विशेषज्ञ, प्रवक्ता, व्याख्याता आवेदन-पत्र का प्रारूप विकास भवन मैनपुरी के कक्ष सं-08 में स्थित कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी से आवेदन-पत्र प्राप्त कर अपने शैक्षिक योग्यता व अनुभव प्रामाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ एवं तैनाती संस्था के संस्थाध्यक्ष के द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न कर दि. 25 जुलाई से 31 जुलाई तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक समाज कल्याण कार्यालय में जमा करा सकते हैं तथा इच्छुक पात्र विषय-विशेषज्ञ कार्यालय में उपस्थित होकर वॉक-इन-इंटरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया स्थलीय निरीक्षण

## यातायात व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।





श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ हाथरस-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने हतीसा बाईपास से आगरा जनपद की सीमा तक विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगला भुस चौराहा पर हाई मास्क लाइट स्थापित कराने तथा पार्क की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देशित किया कि ढाबों के बाहर खड़े होने वाले वाहनों को सड़क किनारे अनावश्यक रूप से खड़ा न होने दिया जाए, बल्कि उन्हें निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा कराया जाए, जिससे यातायात बाधित न हो। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने आवश्यकतानुसार रूट डायवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सादाबाद तहसील क्षेत्र स्थित चौधरी चरण सिंह तिराहे पर हाई मास्क लाइट लगाने, कोटा-कपूरा चौराहा एवं कुरसंडा मोड़ पर प्रभावी बैरीकेटिंग कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट सहित सभी आवश्यक स्थानों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कांवड़ियों के सुरक्षित आवागमन के लिए पृथक लेन तैयार करते हुए सैंड बैग लगाए जाएं तथा उन पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई जाए, ताकि रात्रिकालीन यात्रा के दौरान भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगाए जाने वाले सभी शिविर निर्धारित दूरी पर ही स्थापित किए जाएं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रत्येक शिविर में पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, डस्टबिन, चिकित्सा सुविधा, मेडिकल किट तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही विद्युत सुरक्षा के दृष्टिगत विद्युत पोलों को आवश्यकतानुसार पॉलिथीन से कवर कराने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं तथा प्रत्येक बिंदु पर सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुगम यात्रा उपलब्ध कराना है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, उप जिलाधिकारी हाथरस एवं सादाबाद, जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता विद्युत, एनएचएआई के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंगल बाजार से प्रभावित हो रहा स्थानीय व्यापार, व्यापार मंडल ने डीएम से लगाई गुहार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगंज (एटा)।

- बाहरी व्यापारियों के आने से नगर के स्थायी दुकानदारों की बिक्री पर पड़ा असर
- व्यापार मंडल ने प्रशासन से समाधान निकालने की मांग की

नगर में प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक मंगल बाजार को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने अपनी चिंता जाहिर करते हुए जिलाधिकारी एटा से हस्तक्षेप की मांग की है। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल (रजि.) अलीगंज की ओर से जिलाधिकारी को संबोधित एक प्रार्थना पत्र सौंपकर कहा गया है कि मंगल बाजार के संचालन से नगर के स्थायी व्यापारियों का कारोबार लगातार प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने प्रशासन से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

व्यापार मंडल की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि नगर अलीगंज के अधिकांश व्यापारी वर्षों से अपनी-अपनी दुकानों के माध्यम से व्यवसाय कर रहे हैं। इन दुकानदारों द्वारा नियमित रूप से जीएसटी, व्यापारिक कर, बिजली बिल, दुकान का किराया तथा अन्य सरकारी देयताओं का भुगतान किया जाता है। इसके बावजूद सप्ताह में एक दिन लगने वाला मंगल बाजार उनके व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार मंगल बाजार में बड़ी संख्या में बाहरी व्यापारी दुकानें लगाकर कपड़ा सहित विभिन्न प्रकार का सामान बेचते हैं। इससे स्थानीय दुकानदारों के ग्राहकों की संख्या कम हो जाती है और उनकी बिक्री प्रभावित होती है। व्यापार मंडल का कहना है कि नगर के स्थायी व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा होने लगा है।

व्यापारियों ने यह भी उल्लेख किया है कि मंगल बाजार में आने वाले अधिकांश अस्थायी दुकानदार नगर के स्थायी व्यापारिक नियमों और जिम्मेदारियों के दायरे में नहीं आते, जबकि स्थानीय व्यापारी पूरे वर्ष विभिन्न प्रकार के करों एवं अन्य खर्चों का वहन करते हैं। ऐसे में प्रतिस्पर्धा की स्थिति स्थानीय व्यापारियों के लिए असंतुलित हो गई है।

व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी से मांग की है कि नगर के स्थायी व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मामले का गंभीरता से संज्ञान लिया जाए तथा ऐसी व्यवस्था लागू की जाए जिससे स्थानीय व्यापारियों के व्यापारिक हित सुरक्षित रह सकें। साथ ही व्यापारियों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर इस समस्या के समाधान की अपेक्षा जताई है।

यह प्रार्थना पत्र उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल (रजि.) अलीगंज की ओर से जिलाधिकारी एटा को सौंपा गया, जिस पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के हस्ताक्षर भी अंकित हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो नगर के व्यापार पर इसका और अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

इस मौके पर अनमोल गुप्ता, अमन, नंदिनी, अंश, बादशाह, मुन्नालाल, राजबाला, मोहित गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, रमाकांत मिश्रा, अंकुर, धीरेंद्र आदि शहर के अनेक व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद थे।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- हर घर जल प्रमाणित ग्रामों की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश।
- शिथिलता बरतने बालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान डीएम प्रणय सिंह ने जिले में पूर्ण हो चुकी बाउंड्री वॉल का शीघ्र भौतिक सत्यापन कराकर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने ने हर घर जल प्रमाणित ग्रामों की संख्या में वृद्धि के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र परिवार तक सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना सभी विभागों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

समीक्षा के दौरान उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा जनपद कासगंज में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की जिलाधिकारी ने विशेष सराहना की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े प्रकरणों का निस्तारण इसी प्रकार संवेदनशीलता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ किया जाता रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, उत्तर प्रदेश जल निगम के अधिकारी, जिला स्तरीय संबंधित अधिकारी एवं जल जीवन मिशन से जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**पुरानी रंजिश में खूनी संग्राम:**

## सड़क पर मारपीट, निर्माणाधीन स्कूल में लाठी-डंडों से हमला, एक गंभीर घायल

**अलीगंज।** पुरानी रंजिश को लेकर अलीगंज और नयागांव थाना क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन भी हिंसक घटनाएं सामने आई हैं। गुरुवार शाम अलीगंज थाना क्षेत्र के अमरोली रोड पर बाइक सवार दो युवकों के साथ मारपीट की गई, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं शुक्रवार सुबह ग्राम कूड़ा स्थित निमार्णाधीन एस इंटरनेशनल स्कूल में लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया गया। दोनों घटनाओं के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। गुरुवार शाम हुई घटना में ग्राम कूड़ा निवासी अमित यादव पुत्र राकेश सिंह और विक्रांत सिंह पुत्र ध्रुवजीत सिंह घायल हो गए थे। दोनों ने ग्राम प्रधान उपेंद्र यादव और उनके साथियों पर हमला करने का आरोप लगाया था।

# आखिर कब तक हाउस अरेस्ट के दम पर लोकतंत्र को बंधक बनाएगा प्रशासन?

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।



लगातार पाँचवें दिन भी मुझे, पं० विवेक उपाध्याय, जिला अध्यक्ष कांग्रेस-हाथरस, बिना किसी लिखित आदेश, बिना किसी वैधानिक नोटिस और बिना किसी अपराध के मेरे ही घर में हाउस अरेस्ट रखा गया है। इतना ही नहीं, जिला कांग्रेस कमेटी हाथरस के जिला महासचिव श्री नवीन उपाध्याय को भी उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया गया है।

आखिर प्रशासन किसके इशारे पर काम कर रहा है? यदि हमने कोई अपराध किया है तो मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। लेकिन बिना किसी कानूनी आधार के बार-बार घरों में कैद करना कानून का शासन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का प्रयास प्रतीत होता है।

क्या अब जनता की आवाज उठाना अपराध है? क्या विपक्ष का दायित्व निभाना गुनाह है? यदि नहीं, तो प्रशासन बताए कि वह किस अधिकार से जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकताओं की आवाज को पुलिस के पहरे में रोक रहा है?

सत्ता को यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि बैरिकेड, पुलिस बल और हाउस अरेस्ट से जनआवाज को दबाया जा सकता है। इतिहास गवाह है कि लोकतंत्र को दबाने की हर कोशिश अंततः जनता की अदालत में बेनकाब हुई है।

हम स्पष्ट कहना चाहते हैं कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहेगा। हाउस अरेस्ट, दबाव और दमन से हमारी आवाज न पहले रुकी है, न आगे रुकेगी।

# सेवानिवृत न्यायमूर्ति पीएन पाराशर नहीं रहे

- आयकर ट्रिमिनल एवं भारतीय स्पर्धा आयोग में भी दे चुके सेवाएँ
- सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में निभाते थे अग्रणी भूमिका

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



कासगंज तहसील के गांव सेलाई के मूल निवासी न्यायमूर्ति पीएन पाराशर का शुक्रवार को हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया, उन्होंने नोएडा स्थित जेपी हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। उनके निधन की जानकारी होते ही जिले में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को कछला गंगा नदी के घाट पर होगा।

पीएन पाराशर की प्रारंभिक शिक्षा कासगंज से ही हुई। उन्होंने एलएलबी और एलएलएम अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से किया। 1977में उन्होंने पीसीएस जे टॉप किया और मुंसिफ मजिस्ट्रेट बने। एक लंबी न्यायिक सेवा के बाद दस वर्षों तक इनकम टैक्स अपीलेट टर्मिनल के ज्यूडिशियल मेंबर रहे। उन्होंने पांच वर्षों तक उन्होंने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के वाइस प्रेसिडेंट के रुप में काम किया। विभिन्न उच्च पदों पर रहते हुए उनकी व्यवहार कुशलता और सहयोग, सहायता की भावना के लोग कायल थे। उन्होंने गांव सेलाई में संकटमोचन धाम की स्थापना की जो जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

पीएन पाराशर के निधन से हर कोई स्तब्ध है। जिले में शोक की लहर है।

पारवारिक सूत्रों के मुताबिक, उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए गांव सेलाई लाया जायेगा। उनके निधन पर पूर्व मंत्री मानपाल सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज,एमएलसी रजनी कांत माहेश्वरी, सदर विधायक देवेन्द्र राजपूत, पूर्व सांसद राजवीर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा, केपी सिंह सोलंकी, संजय धूपड, गोपाल माहेश्वरी, गोपाल मराठा, अजय तिवारी, अनुपम मिश्रा, मयंक बिंदल, नीरज गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, अनुपम शर्मा, डॉक्टर राजीव शर्मा, डॉ नवीन गौड, डॉ सुरेन्द्र गुप्ता, ने शोक व्यक्त कर श्रद्धाजलि दी है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्कूली वाहन का किया निरीक्षण, बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों का कराया बोध

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।



क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी नाथ सिन्हा के साथ स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्कूली वाहन का निरीक्षण कर वाहन की सुरक्षा व्यवस्थाओं, आवश्यक दस्तावेजों तथा बच्चों के सुरक्षित आवागमन से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने वाहन के अंदर स्कूली बच्चों से संवाद करते हुए सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों से कहा कि यात्रा के दौरान हमेशा बस की निर्धारित सीट पर बैठकर ही सफर करें तथा चलती बस में इधर-उधर न घूमें, थोड़ी-सी सावधानी किसी भी दुर्घटना से बचा सकती है। उन्होंने बस चालक एवं परिचालक को भी निर्देशित किया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा वाहन का संचालन निर्धारित गति सीमा एवं सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए किया जाए।

उन्होंने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क पर अनुशासन बनाए रखने, वाहन में चढ़ते-उतरते समय सावधानी बरतने तथा चालक के निदेशों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यात्रा के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

# कांवड यात्रा के लिए खाद्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ०प्र० लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में आगामी श्रावण माह के दृष्टिगत भक्तजनों, श्रद्धालुओं को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने हेतु जनपद के समस्त होटल,ढाबा , रेस्टोरेन्ट संचालको को निर्देशित किया जाता है कि लाइसेंस , रजिस्ट्रेशन सही स्थान पर प्रदर्शित करें, रेट लिस्ट, मेन्यू आसानी से दृश्य स्थान पर प्रदर्शित करें।सीसीटीवी कैमरों को रोड के दोनों साइड,फ्रंट,किचिन/काउंटर पर फोकस करते हुए समायोजित करें। ढाबों के सामने प्रकाश,लाइटनिंग की उचित व्यवस्था करें, ढाबों पर शराब, मांस-मछली एवं अण्डा आदि न परोसें, साफ-सफाई, हाइजीन, सेनिटेशन आदि का सेड्यूल के अनुसार पालन करें, भोजन,खाद्य पदार्थ को गुणवत्तायुक्त तैयार करें, फूड हैंडलरस की ट्रेनिंग,जागरूकता मेंडीकल सर्टिफिकेट,एप्रेन,/ग्लब्स,नाखून कटे हुए,बाल कटे हुए,अंगूठी आदि न पहने, एक्सपायर डेट का कोई भी सामान बिक्री न किया जाए, कावडियों एवं शिव भक्तगणों के साथ अच्छा व्यवहार करें, होटल,ढावा,रेस्टोरेन्ट के मालिक अपने प्रतिष्ठान पर खाद्य पदार्थों के मूल्यों की सूची आसानी से दृश्य स्थान पर अवश्य लगाए।यदि किसी व्यक्ति द्वारा मिलावट की जा रही है तो कुलदीप सिहं, सहायक आयुक्त खाद्य के मोबाइल नंबर 8218168229, आनन्द कुमार देव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के मोबाइल नंबर 8218145849 पर तुरन्त सूचित करें।

# खतरे की निशान को छू लेने की बेताब नजर आ रही गंगा नदी

- बैराजों से बढ़ा गंगा नदी में पानी का डिस्चार्ज
- वार्निंग लेवल को पार कर खतरे की निशान की ओर बढ़ रही गंगा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



पतित पावनी माता गंगा पुनः रौद्र होते दिखाई दे रहीं हैं, एक साथ बैराजों से पानी का डिस्चार्ज बढ़ जाना के कारण गंगा नदी में जल स्तर बढ़ गया है। वार्निंग लेवल को पार कर चुकी गंगा खतरे के निशान को छू लेने के लिए बेताब नजर आ रही है। सिंचाई विभाग और तट वर्तीय ग्रामों के ग्रामीणों और किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही है।

बीते चौबीस घंटे में गंगा के जल स्तर अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, बैराजों के पानी ने गंगा नदी पर अपना दबाव बना दिया है। बढ़ता जल स्तर तट वर्तीय ग्रामों के किसानों ग्रामीणों के लिए चिंता का सबब बन रहा है किसानों को चिता है यदि जल स्तर इसी तरह बढ़ा तो गंगा का पानी फसली भूमि में घुस सकता है और फसल को नुकसान हो सकता है। सिंचाई विभाग किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। शुक्रवार को गंगा नदी पर पानी का गेज 161.97सेंटी मीटर रिकार्ड किया गया है जो खतरे की निशान से मात्र कुछ ही दूरी पर है कछला ब्रिज पर खतरे का निशान 162.4 मीटर पर है। यदि पानी और बढ़ता है तो तट वर्तीय ग्रामों में फसली भूमि की निशान बना सकता है।

**बैराजों से गंगा नदी में पानी का डिस्चार्ज**

हरिद्वार बैराजः 77103 क्यूसेक

नरौरा बैराजः 53074 क्यूसेक

**बिजनौर बैराजः 48653 क्यूसेक**

बैराजों से गंगा नदी में पानी का डिस्चार्ज अधिक होने के कारण कछला ब्रिज पर गंगा का जल स्तर बढ़ा है, बुधवार को गंगा में पानी का गेज 161.97सेंटीमीटर रिकार्ड किया गया है।

–संदीप जैन एसडीओ सिंचाई

**श्रावण कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियां तेज**

# डीएम अरविन्द सिंह स्वयं कर रहे व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

- यात्रा मार्गों पर सड़क, प्रकाश, पेयजल, विद्युत, सुरक्षा एवं स्वच्छता कार्य युद्धस्तर पर जारी
- लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई, सभी विभाग समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें दायित्व : डीएम

पवित्र श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशन में जनपद के सभी संबंधित विभागों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। कांवड़ यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्वों के अनुरूप कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी के निदेशार्नुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा यात्रा मार्गों पर सड़क के गड्ढों का भराव, पेचवर्क, सड़क पटरी की साफ-सफाई तथा झाड़ियों की कटाई का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है, ताकि कांवड़ियों को निर्बाध एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

इसी प्रकार नगर निकायों द्वारा यात्रा मार्गों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, मोबाइल शौचालय, जल निकासी, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। वहीं विद्युत विभाग द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से यात्रा मार्गों पर स्थित विद्युत पोलों को पॉलीथीन से रैप कराया जा रहा है तथा ट्रांसफार्मरों के चारों ओर सुरक्षा जाली लगाकर उन्हें भी पॉलीथीन से सुरक्षित ढकवाने की कार्रवाई की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना की संभावना न रहे।

जिलाधिकारी अरविन्द सिंह स्वयं विभिन्न कांवड़ यात्रा मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग निर्धारित समयसीमा के भीतर अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं गुणवत्ता के साथ निर्वहन सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता अथवा अकर्मण्यता को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य कांवड़ यात्रा-2026 को पूर्ण सुरक्षा, सुगमता एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक व्यवस्था को समय से पूर्ण करें, ताकि जनपद से होकर गुजरने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्राप्त हो।

# ‘मां के लिए था वो सेलिब्रेशन’

## परिवार और कोच को समर्पित किया वैभव ने इंटरनेशनल करियर का पहला अर्धशतक

एजेंसी, हरारे।



जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 18 गेंदों में अर्धशतक लगाया।

वैभव ने कहा कि करियर की शुरूआत में ही अच्छा प्रदर्शन करना आने वाले मैचों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। 15 वर्षीय वैभव टी20 इंटरनेशनल में सबसे कम उम्र में अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने 19 गेंदों में 50 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 4 चौके और 4 छक्के लगाए। वैभव ने 15 साल 118 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया। उन्होंने लुई ब्रूस का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने इस फॉर्मेट में 16 साल और 56 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया था। वैभव इंटरनेशनल क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले भी सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं।

उन्होंने इस मामले में नेपाल के कुशल मल्ला को पीछे छोड़ा है। कुशल ने साल 2020 में अमेरिका के खिलाफ 15 साल और 340 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया था। बीसीसीआई डॉट टीवी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में उन्होंने कहा, "जब आप अपने करियर के शुरूआती दौर में होते हैं और आपको ऐसी पारियां खेलने को मिलती हैं और आप अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो इससे आने वाले मैचों के लिए आत्मविश्वास बढ़ता है। मुझे ऐसा लगा जैसे मैं अपनी लय में था और मैंने बस अपनी ताकत का इस्तेमाल किया; बस इतना ही। मैं यह अर्धशतक अपने परिवार, अपने कोच और उन सभी लोगों को समर्पित करना चाहता हूं जिन्होंने मेरे अच्छे और बुरे दौर में मेरा साथ दिया है।"

अर्धशतक पूरा करने के बाद, उन्होंने अपने सिर के ऊपर दोनों हाथों से 'ए' का निशान बनाया। अपने सेलिब्रेशन के बारे में बताते हुए इस युवा खिलाड़ी ने साफ किया कि यह सेलिब्रेशन असल में उनकी मां आरती के लिए एक सम्मान था। उन्होंने 'थंब्स अप' का इशारा भी किया, जिसके बारे में उन्होंने बताया, "मैंने वह सेलिब्रेशन अपनी मां के लिए किया था, और दूसरा इशारा रिंकू सिंह के साथ हुई बातचीत पर आधारित था।"

हरारे का मैदान सूर्यवंशी के लिए बहुत लकी साबित हुआ है। इसी साल की शुरूआत में उन्होंने इसी ग्राउंड पर आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 80 गेंदों में शानदार 175 रन बनाए थे। इससे पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ 68 रनों की दमदार पारी खेली थी, जिससे भारत को रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीतने में मदद मिली थी।

वैभव का बल्ला इंग्लैंड के खिलाफ मिले तीन मौकों पर पूरी तरह से खामोश रहा था। हालांकि, वह जिम्बाब्वे के खिलाफ जारी इस सीरीज के बचे हुए दो मुकाबलों में भी शानदार प्रदर्शन करना चाहेंगे। उन्होंने आगे कहा, "आप कह सकते हैं कि मुझे यहां का माहौल पसंद है। कुछ मैदान ऐसे होते हैं जहां हमें रन बनाना बहुत पसंद आता है, शायद यह भी वैसा ही है, लेकिन मैं इसे हल्के में नहीं ले रहा हूं। मैं बस टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने और जब भी खेलूं, अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा हूं।"

## मोदी ने दी भारतीय खिलाड़ियों को कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 (सीडब्ल्यूजी) का आगाज हो चुका है। इस बार टूर्नामेंट की मेजबानी स्कॉटलैंड का ग्लासगो शहर कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीडब्ल्यूजी 2026 के लिए भारतीय एथलीटों को शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ‘‘कॉमनवेल्थ गेम्स की शुरूआत हो रही है, ऐसे में मैं भारतीय दल को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे खिलाड़ी जोश, दृढ़ संकल्प और बेहतरीन प्रदर्शन की भावना के साथ इन खेलों में हिस्सा लेंगे। हमारे खिलाड़ियों का हुनर और लगन हमेशा अनगिनत भारतीयों को प्रेरित करते हैं।’’ भारत के कुल 125 एथलीट्स इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में हिस्सा ले रहे हैं। हालांकि, इस बार बैडमिंटन, हॉकी, रेसलिंग समेत कई बड़े इवेंट कॉमनवेल्थ गेम्स का हिस्सा नहीं हैं। भारत की ओर से टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा निगाहें देश के 'गोल्डन ब्वॉय' नीरज चोपड़ा पर रहने वाली है। वहीं, वेटलिफ्टिंग में मीराबाई चानू से भी देश को पदक की आस होगी। गुरुवार को किंग चार्ल्स तृतीय ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की शुरूआत की। इस दौरान मीराबाई चानू और मुक्केबाज लवलीना भारत की ध्वजवाहक रहीं। भारत के लिए टूर्नामेंट का पहला दिन शानदार रहा। बॉल्स प्रतियोगिता में भारत की पिंकी सिंह और रूपा रानी टिर्की ने दमदार प्रदर्शन करते हुए माल्टा की रेबेका लुईस रिक्सन और कोनो-ले रिक्सन की जोड़ी को कड़े मुकाबले में शिकस्त दी।

# पैरा तैराकी के फाइनल में बुडिगिना और इमाम, नटराज 50 मीटर बैकस्ट्रोक के सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी, ग्लास्गो।

भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में शुक्रवार को संयुक्त 14वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। दो बार के ओलंपियन और कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके नटराज ने 25.52 सेकेंड का समय निकाला। उन्होंने बरमूडा के जैक हार्वे के साथ संयुक्त 14वां स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल के लिए हीट से शीर्ष-16 तैराकों का चयन किया गया। नटराज अपनी आठ खिलाड़ियों वाली हीट में पांचवें स्थान पर रहे।

पैरा तैराकी में भारत के आरवीवीबीके बुडिगिना और इमाम अली ने पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 वर्ग के फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। हीट में हिस्सा लेने वाले सभी आठ तैराक फाइनल में पहुंचे। बुडिगिना ने 57.10 सेकेंड के समय के साथ हीट में तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि इमाम अली 1:05.32 सेकेंड के समय के साथ आठवें स्थान पर रहे। एस13 वर्ग दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए निर्धारित पैरा तैराकी श्रेणी है।



### उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा नटराज का प्रदर्शन

पुरुष 50 मीटर बैकस्ट्रोक हीट में श्रीहरि नटराज ने निराश किया। नटराज के पास भले ही फाइनल में पहुंचने का मौका है, लेकिन वह हीट में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सेमीफाइनल मुकाबला भारतीय समयानुसार आज रात 12:30 बजे होगा।

### पैरा तैराकों ने किया प्रभावित

बुडिगिना ने हीट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल रा13 स्पर्धा में 57.10 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। वह लीडर स्टीफन क्लेग से 0.53 सेकेंड पीछे रहे और अगले राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया। इमाम भी 1:05.32 के समय के साथ अगले राउंड में पहुंच गए। वह लीडर से 8.75 सेकेंड पीछे रहे। इमाम आठवें स्थान पर रहे। फाइनल भारतीय समयानुसार रात 12 बजे होगा।

### व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बावजूद पदक लाने से चूके अशोक, पैरा पावरलिफ्टिंग में मिली निराशा

राष्ट्रमंडल खेल 2026 के दूसरे दिन भारत पैरा पावरलिफ्टिंग में पदक लाने से चूक गया। भारत के लिए अशोक और परमजीत कुमार पदक की दौड़ में थे, लेकिन पुरुषों की लाइटवेट पैरा पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में भारत की चुनौती का अंत निराशाजनक रहा। दोनों भारतीय पैरा पावरलिफ्टर पदक जीतने से चूक गए। अशोक अपने अंतिम प्रयास में 205 किग्रा का भार उठाने में असफल रहे और चौथे स्थान पर रहे। हालांकि, उन्होंने 200 किग्रा का अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत भार उठाकर 143.8 अंक हासिल किए।

# मनोरंजन

## खेसारी को नहीं पहचान पाईं मलाइका, बोलीं- कौन है ये?

भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव का हाल ही में एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो को देखकर मलाइका अरोड़ा ने अपना रिएक्शन दिया। उन्होंने खेसारी को जाने बगैर ही उनकी जमकर क्लास लगाई। जानें आखिरी क्या बोलीं मलाइका?

### मलाइका ने कहा ‘बहुत घटिया’

वायरल वीडियो में खेसारी लाल यादव किसी इवेंट में रेड कारपेट पर फोटो क्लिक करवाते नजर आ रहे हैं। इसी बीच रेड कारपेट पर एक डॉग आकर बैठ जाता है, जिसे खेसारी के कहने के बाद खींचकर वहां से हटा दिया जाता है। जैसे ही यह वीडियो वायरल मलाइका तक पहुंचा उन्होंने जमकर क्लास लगा दी। मलाइका ने वीडियो शेयर करते हुए खेसारी की इस हरकत को ‘बहुत घटिया’ बताया। हालांकि एक्ट्रेस ने उनका नाम नहीं लिया।

### मलाइका ने पूछा- कौन है ये?

मलाइका ने वीडियो शेयर करते हुए खेसारी की इस हरकत की आलोचना की। उन्होंने लिखा, ‘‘यह आखिर कैसे लोग हैं? और ये आदमी कौन है जो खड़ा होकर पोज दे रहा है? बहुत ही घिनौनी हरकत है।’’

अब मलाइका के यह कमेंट करने पर खेसारी के फैंस मलाइका को ट्रोल कर रहे हैं। वो उनके इंस्टाग्राम अकाउंट की अन्य पोस्ट पर अपनी हाजिरी दे रहे हैं और खेसारी को पहचान ना पाने के लिए मलाइका के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं।



### क्या था मामला?

खेसारी लाल यादव बीते दिनों एक इवेंट में शिरकत करने पहुंचे थे। जहां पैप्स उन्हें कवर करने खड़े हुए थे। मगर जहां उन्हें खड़े होकर पोज देना था। वहां एक डॉग पहले से मौजूद था जिसे देखकर खेसारी कुछ असहज हो गए। इसके बाद उन्होंने उसे वहां से हटाने को कहा। इसके बाद वहां मौजूद एक महिला उस डॉग को घसीटते हुए वहां से ले गई।

## टीवी सबसे बड़ा स्कूल है, लोग इसे कम क्यों समझते हैं: निहारिका चौकसे



टेलीविजन अभिनेत्री निहारिका चौकसे इन दिनों अपने शो 'तुम से तुम तक' को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में टेलीविजन इंडस्ट्री को लेकर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने उन लोगों पर सवाल उठाया है जो आज के समय में टीवी को फिल्मों और ओटीटी से कमतर मानते हैं। उनका कहना है कि टीवी कलाकारों के लिए सबसे बड़ा स्कूल है, जहां हर दिन कुछ नया सीखने का मौका मिलता है। आईएएनएस से बात करते हुए निहारिका चौकसे ने कहा, "मुझे टीवी पर काम करना हमेशा पसंद आता है। अगर कोई मुझसे कहे कि मुझे रोज 14 घंटे काम करना होगा, तब भी मुझे कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि मुझे बिजी रहना अच्छा लगता है। मुझे समझ नहीं आता कि कुछ लोग टेलीविजन को कम क्यों आंकने लगते हैं। मेरे लिए टीवी सबसे बड़ा स्कूल है। यहां कैमरे के सामने अभिनय करना, लंबी-लंबी लाइन्स याद करना और हर परिस्थिति में बेहतर प्रदर्शन करना सीखने को मिलता है।" उन्होंने आगे कहा, "टेलीविजन में काम करना आसान नहीं होता, क्योंकि यहां कलाकारों को बहुत कम समय में अपना बेस्ट देना पड़ता है। टीवी में अगले दिन का एपिसोड प्रसारित होना होता है, इसलिए नई स्क्रिप्ट मिलते ही कलाकारों को तुरंत तैयारी करनी पड़ती है और शूटिंग भी करनी होती है। वेब सीरीज में कलाकारों को वर्कशॉप और तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिलता है, लेकिन टीवी में काम की रफ्तार कहीं ज्यादा तेज होती है। यही वजह है कि टीवी कलाकारों को हर दिन नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और लगातार मेहनत करनी पड़ती है।"

निहारिका चौकसे ने कहा, "मनोरंजन जगत अब पहले से बेहतर दिशा में आगे बढ़ रहा है। बदलाव जीवन का सबसे बड़ा सच है और इंडस्ट्री भी समय के साथ बदल रही है। पहले टेलीविजन में महिलाओं पर आधारित कहानियां ज्यादा देखने को मिलती थीं, लेकिन अब फिल्मों में भी महिला कलाकारों को मजबूत और अहम किरदार मिलने लगे हैं। महिला प्रधान फिल्मों का अच्छा प्रदर्शन इस बात का सबूत है कि दर्शकों की सोच बदल रही है और इंडस्ट्री महिलाओं को पहले से ज्यादा अवसर दे रही है।"

रियलिटी शोज में आने को लेकर भी निहारिका ने कहा, "अभी मैं सिर्फ काम करना चाहती हूं। रियलिटी शोज बाद में भी किए जा सकते हैं। सबसे पहले मैं अपना फैन बेस मजबूत करना चाहती हूं, ताकि जब भी किसी रियलिटी शो में हिस्सा लूं, तो जीतने के इरादे से जाऊं।"

उन्होंने कहा, "मुझे डांस करना बेहद पसंद है, इसलिए 'झलक दिखला जा' मेरे पसंदीदा रियलिटी शोज की लिस्ट में शामिल है। वहीं, 'खतरों के खिलाड़ी' में हिस्सा लेने की इच्छा भी है, लेकिन उससे पहले मैं अपने डर पर काबू पाना चाहती हूं।"

## चम्बल से पुराने दिन याद आए

### कलेक्टर आकाश त्रिपाठी को एसपी हरिसिंह यादव ने पकड़ाई रायफल,, फिर चलवाईं गोलियां,, सामने मोर्चा लिए है पत्थर

गोलियों की बौछार,,,
तड़ तड़ तड़,, टांय, टांय,
सीधा फायर आ रहा है सामने से !!!
गोलियां सनसनाती हुईं आ रही हैं, जिससे साफ है कि आज माफिया निश्चित ही मरने मारने पर उतारू है।
कारण है कि आज कलेक्टर और एसपी सीधे शेर की मांद, यानी एक तरह से खुली आसमानी गुफा में घुस आए हैं।
और यहां
माफिया की मांद बहुत खतरनाक नजर आ रही है।
यहां स्पष्ट करें कि वर्ष 2007 से पहले कभी कोई कलेक्टर या एसपी इस तरह माफिया के आंगन में नहीं पहुंचे थे।
( और आज हम जिस बानमौर के भीतरी पहाड़ी इलाके में हुई टास्क फोर्स और पत्थर माफिया के बीच की असली मुठभेड़ दिखाने जा रहे हैं,, इसी बानमौर में फिर 5 साल बाद 8 मार्च 2012 को अवैध पत्थर भरकर भाग रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने IPS नरेंद्र कुमार को कुचलकर मार दिया था,, हालांकि बाद में सीबीआई जांच में ये गैर इरादतन हत्या मानी गई और सीबीआई की विशेष अदालत ने दोषी को 10 साल कैद की सजा दी ) और आज इस कांड से 5 साल पहले,, यानी 2007 की मुठभेड़
आप जान लें कि जहां आज आप जा रहे हैं, वो ये पत्थर माफिया का इलाका है, जहां माफिया ने माइंस लगाकर बहुतेरा पत्थर खदानों से अवैध तौर पर निकालकर रखा है।
तो आइए आज आपको लिए चलते हैं
मुरैना जिले के ऐंती पहाड़ स्थित 64 योगिनी मंदिर, पढ़ावली पत्थर की पुरानी खदानों के इलाके में, जो पत्थर की खान मींस डांग भी कही जाती है।
और आज यहां बहुत कुछ होने वाला है। आपको बताएं कि चंबल अंचल में जहां देश की आजादी से पहले ग्वालियर स्टेट के टाइम में भी एक से एक नामी बागी हुए, डकैत हुए, सैकड़ों मुठभेड़ होती रहीं,
लेकिन आज जो मुठभेड़ टास्क फोर्स मुखिया, यानी कलेक्टर और पत्थर माफिया के बीच हुई सीधी-सीधी मुठभेड़,
जिसमें कम फोर्स के कारण जान के लाले पड़ गए थे अफसरों को,
लेकिन SP की जांबाजी थी कि उन्होंने फिर कलेक्टर से भी फायरिंग करवाई।
ऐसी मुठभेड़ न पहले कभी हुई थी, न उसके बाद आज तक हो पाई है।
सीधी गोलीबारी, जिसमें पुलिस और अफसरों के जहां पसीने छूटेंगे, वहीं माफिया के तो छक्के ही छूट जाएंगे।
तो आइए देखिए
आज सुबह से ही DM और SP की,, मींस मुरैना कलेक्टर आकाश त्रिपाठी और रढ डॉ हरिसिंह यादव की एक खास मिशन पर निकलने की प्लानिंग हुई है।
अभी दिन चढ़ता ही जा रहा है,, दोनों अफसर इस विशेष ऑपरेशन पर सहज ही रवाना हुए हैं कि जहां से पत्थर के अवैध उत्खनन की जानकारी आ रही है, क्या वहां वाकई इतने बड़े पैमाने पर पत्थर का अवैध उत्खनन किया जा रहा है, या फिर कोरी अफवाह उड़ाई जा रही है???
तो कलेक्टर त्रिपाठी, जो जिले के टास्क फोर्स के अध्यक्ष भी हैं, SP डॉ यादव, जिन्हें लोग प्यार से बाबा जी कहते हैं, को साथ लेकर निकले हैं। कुछ पुलिस बल भी साथ है।
शहर से निकली गाड़ियां अब आगरा-मुंबई रोड नेशनल हाईवे पर ग्वालियर की ओर बढ़ दौड़ी हैं, लेकिन नूराबाद टेकरी इलाके से इस काफिले ने लेफ्ट टर्न लिया है।
कलेक्टर और एसपी को छोड़, अभी किसी को नहीं मालूम कि कहां जा रहे हैं??
और ये काफिला बटेश्वरा,, पढ़ावली ,, ऐंती की पहाड़ी डांग में पहुंचा है।
जो मित्र नहीं जानते, उन्हें बताएं कि डांग यानी जहां कोई बसाहट नहीं होती, पत्थर ही पत्थर नजर आता है, पत्थर के पहाड़ों की भरमार है जहां,
डांग में तो मवेशी को भी चरने के लिए पर्याप्त घास आदि नहीं मिल पाती।
तो DM-SP का ज्वाइंट ऑपरेशन आज इसी पथरीले इलाके में चलने वाला है।
इधर आप पत्थर माफिया का मजबूत नेटवर्क देखिए कि टेकरी ( नूराबाद ) से जब ये पीली बत्ती लगी गाड़ियां बांए मुड़ी हैं, तो यहां सदा तैनात रहने वाले गुर्गे, यानी पत्थर माफिया के आदमी ने मोबाइल से खदान पर कॉल करके माफिया सरगना, जिसका कोई नाम नहीं है, को सचेत किया है कि दो लग्जरी गाड़ियों सहित पुलिस की नीली गाड़ियां भी खदान इलाके में पहुंच रही हैं।
और इस मैसेज से पत्थर माफिया अलर्ट हो गया है।
माफिया ने अवैध खदान पर मौजूद गुर्गों को हथियार उठाने का ऑर्डर दिया है।
और माफिया की प्राइवेट फौज कहें जिसे,, उसने हथियार उठाकर खदान के ऊंचे टीलों पर जाकर पोजिशन ले ली है।
इधर DM-SP का जो काफिला पत्थर खदान की ओर बढ़ रहा है, उसे मालूम ही नहीं है कि उधर माफिया आज सीधे दो-दो हाथ करने की तैयारी किए बैठा है।
इसका पता तब चला जब
काफिला सड़क मार्ग से उतरकर पथरीले रास्ते पर आगे बढ़ा।
और यहां से फिर आगे जाने को रास्ता नजर नहीं आ रहा है।
रढ डॉ यादव ने कलेक्टर त्रिपाठी से कहा कि कलेक्टर साहब, गाड़ियां यहीं छोड़ते हैं, यहां से खदान तक पैदल ही चलेंगे।
कलेक्टर त्रिपाठी, जिन्हें रढ डॉ यादव की सूझबूझ पर फुल कॉन्फिडेंस था, बोले कि बिल्कुल, चलिए पैदल ही चलते हैं। ये जो हम आपको रीयल मुठभेड़ दिखाने जा रहे हैं, वो डकैत जगजीवन परिहार के पुलिस की असली मुठभेड़ में गैंग सहित मारे जाने के बाद की मुठभेड़ है।
(अभी कल रात ही हमने बाबा जी को कॉल करके पूछा कि सर, आप और कलेक्टर आकाश त्रिपाठी सर से हुई पत्थर माफिया की ऐंती-पढ़ावली वाली जो मुठभेड़ हमें याद है, वो जगजीवन एनकाउंटर से पहले की है, या बाद की??
तो सर हँसे, और बोले कि - तुम ही बताओ, जगजीवन से पहले इन पत्थर अत्थर वालों की ओर देखने की फुर्सत कहाँ थी !! )
और अब
टास्क फोर्स अपने अध्यक्ष की कमान में आगे बढ़ रहा है।
कलेक्टर त्रिपाठी और SP यादव साथ साथ सबसे आगे चल रहे हैं।
साथ में एक गनर कलेक्टर के, दो गनर SP के, (SP यादव हमेशा दो गनर रखते थे) (और SP यादव की पर्सनल रायफल लाल बट वाली भी साथ थी उन पर, और स्कॉट के सिपाहियों पर 3not3 राइफल्स भी थीं )
हालांकि संख्या बल देखें तो ये कोई खास नहीं था, लेकिन पुलिस की जो गाड़ियां पीछे रह गईं हैं, उनमें पर्याप्त फोर्स है।
तो ये टीम आगे बढ़ रही है। और
' सांय ' की आवाज के साथ एक गोली SP यादव के सिर के ऊपर से निकली।
इसी के संग पहाड़ी में फायर की तेज आवाज गूंजी।
SP भांप गए कि माफिया पर फोर्स के आने की सूचना है, तैयारी से घात लगाकर बैठा है।
पहला फायर आते ही एसपी ने सबको टीलों की ओट में हो जाने को कहा है।
और रढ ने एक सिपाही से रायफल लेकर ऊट की ओर बढ़ाई है !!!
कलेक्टर चौंके, लेकिन मुस्कुराए,,
इतने में ही SP बोले कलेक्टर साहब,, लीजिए रायफल,, आप भी फायरिंग कीजिए आज।
और कलेक्टर त्रिपाठी ने रायफल थाम ली। लोड की है,
और इसी बीच फिर से एक गोली आई है ' सांय ' की आवाज के साथ फिर ऊपर से निकली है।
और अब कलेक्टर ने फायर ठोका है,,,
यहां आपको बताएं कि किसी भी मुठभेड़ में DM मींस डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, या SDM, या अन्य कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मौके पर अवश्य रहते हैं। जिनके आदेश पर ही फायरिंग शुरू करने का नियम है।
और यहां तो DM खुद फायरिंग कर रहे हैं, वे टास्क फोर्स के मुखिया हैं,, जो माफिया की गोलीबारी पर काउंटर फायर कर रहे है। मींस माफिया से टास्क फोर्स का एनकाउंटर शुरू हुआ है।
SP यादव ने इस बीच पत्थर माफिया की पोजीशन समझ ली है, और अब SP ने तीनों गनर्स को फायरिंग सध कर करने का आदेश दिया है।
क्योंकि गनर्स के पास ऑटोमैटिक वेपंस हैं, जो अभी माफिया का भूगोल बिगाड़ सकते हैं, लेकिन फोर्स का उद्देश्य तबाही फैलाना, जान लेना नहीं, बल्कि अवैध खनन रोकना है।
तो एसपी ने अपने देशी अंदाज में कहा
ए रे मोड़े हो, नेक सध के चलाना है, एक संग बर्स्ट मत दे देना, कोऊ निबट जागो।
और फिर एसपी ने माफिया की पहाड़ी की ओर फायर किया है, साथ थी दूसरा,, फिर तीसरा,,,
और अब फोर्स समझ गया है कि रढ साहब कैसी फायरिंग चाहते हैं, उन्होंने अपनी गन सिंगल फायर मोड पर करके गोलीबारी जारी रखी है।
उधर माफिया भी टास्क फोर्स के आगे कमजोर नहीं पड़ रहा है,, माफिया की ओर से सीधा फायर आ रहा है।
इधर SP अपनी पसंदीदा रायफल से फायर कर रहे हैं, साथ ही बीच बीच में कलेक्टर त्रिपाठी भी फायर कर रहे हैं।
SP ने एक के बाद एक कुछ फायर ऐसे एंगल पर किए हैं कि माफिया के पैर उखड़ने लगे हैं। क्योंकि गोलियां सीधी पहाड़ी से टकरा रही हैं, पत्थर भी टूट रहे हैं 3not3 के फायर से कहीं कहीं, जो घातक साबित हो रहे हैं।
और ये क्या
इस ताबड़तोड़ फायरिंग से अब माफिया बैकफुट पर आया है,, भाग रहा है,, पर फायरिंग करते हुए भागा है।
कुछ देर तक फायरिंग रुकी रही तो फिर एसपी ने कुछ और फायर किए, लेकिन माफिया की ओर से अब कोई जवाब नहीं आ रहा है।
कुछ देर और इंतजार किया गया, तब तक पीछे से बहुतेरा पुलिस फोर्स आ गया, जो पीछे रह गया था।
अब एसपी ने फोर्स को खदान में भीतर उतारा, तो वहां बड़े पत्थरों के अलावा कोई खास सामान न था।
फिर SP ने कलेक्टर से मन्त्रणा करके उस अवैध खनन के पत्थर की जब्ती बनवाकर उसके विनष्टीकरण की कार्यवाही सम्पन्न कराई।
The End
अब लेते हैं ब्रेक, और जल्द मिलते हैं
किसी नई रीयल स्टोरी के साथ।
आप सबको राम राम,